आज

आज ३.०० तीन रुपये मात्र

भाजन

गौरवशाली परम्परा

गौरवशाली परंपरा का २०७ वर्ष

हर लड़की को खूबसूरती पर होना चाहिए गर्व

तमन्ना भाटिया



वाराणसी, शनिवार २४ अक्तूबर, २०२६ सौर ७, आश्विन शुक्ल १३, २०८३ वि.। वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज (रीवा संस्करण), कानपुर (झांसी संस्करण), लखनऊ, आगरा, बरेली, हल्द्वानी,पटना (कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित * काशी संस्करण पृष्ठ १२, मूल्य ३.०० रुपये

गृह मंत्रालय
भारत सरकार

करें उन जांबाज़ों को नमन
जिनसे देश है अखंड

CBC 19101/13/0017/2627

आंतरिक सुरक्षा बलों का सम्मान

राष्ट्रीय एकता दिवस
31 अक्टूबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

एक ही जगह देखें, एकता के रंग अनेक

भारत पर्व
1 से 15 नवंबर, 2026
एकता नगर, गुजरात

राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर 2026 स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, एकता नगर, गुजरात

जानकारी और ठहरने की बुकिंग के लिए स्कैन करें या विज़िट करें rashtriyaektadiwas.com



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



सिवान : पटाखा कारोबारीके घर में विस्फोट, आठ की मौत

लगातार दो घंटे होते रहे धमाके, थानेदार-चौकीदार निलम्बित

बड़हरिया(सिवान) (आससे)। बिहार के सिवान जिले में शुक्रवार को पटाखों में आग लगने से एक मकान में भीषण विस्फोट हो गया। जामो थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव में हुई इस घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसे में करीब आठ लोगों की मौत की सूचना है। मृतकों की संख्या और उनकी पहचान की आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। विस्फोट इतना तेज था कि मकान के अगले हिस्से का मलबा सड़क पर जा गिरा। जानकारी के अनुसार, आलमपुर निवासी मो. अमीरुद्दीन मियां के मकान में पटाखे रखे हुए थे। उन्हें पटाखों का कारोबारी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि मकान में कई लोग मौजूद थे, तभी पटाखों में आग लग गई। इसके बाद आग ने वहां रखे अन्य पटाखों को भी अपनी चपेट में ले लिया और लगातार विस्फोट होने लगे। करीब दो घंटे तक



रह-रहकर धमाकों की आवाज सुनाई देती रही। विस्फोट की तीव्रता इतनी अधिक थी कि मकान का अगला हिस्सा ढहकर सड़क पर गिर गया। घटना के बाद आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। धमाकों की आवाज से लोग सहम गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मकान को हुए नुकसान और विस्फोट की भयावहता के कारण राहत एवं पहचान संबंधी कार्यों में परेशानी होने की जानकारी सामने आई है। स्थानीय लोगों ने हादसे में करीब सात लोगों की मौत की सूचना दी है। बताया जा रहा है कि विस्फोट की वजह से शवों की पहचान करने में कठिनाई हो रही है। मृतकों की वास्तविक संख्या और उनकी पहचान के बारे में आधिकारिक पुष्टि अभी प्रतीक्षित है। सीवान के पुलिस कप्तान भारत सोनी ने जामे थाने के थानेदार और चौकीदार को पटाखे विस्फोटकी घटनामें समयसे नहीं पहुंचने के कारण लापरवाही बरतने के तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

देश को भरोसे में ले सरकार-खड़गे

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चीन के साथ सीमा विवाद, बढ़ते व्यापार घाटे और कूटनीतिक वार्ताओं के नतीजों को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर देश को स्थिति स्पष्ट करने और संसद को भरोसे में लेने की मांग की है। खड़गे ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच टकराव जारी रहने की खबरें चिंताजनक हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि डोकलाम और गलवान के बाद क्या एक और गंभीर टकराव की स्थिति बन रही है? उन्होंने तवांग क्षेत्र के पास तक्षिंग में चीनी घुसपैठ की खबरों और वाचा-दामई में कोर कमांडर स्तर की वार्ता के बाद भी टकराव जारी रहने का हवाला देते हुए पूछा कि क्या भारतीय सैनिकों की गश्त के अधिकार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है और सरकार को इस संबंध में देश को स्पष्ट जानकारी देनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने आर्थिक मोर्चे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि गलवान संघर्ष में 20 भारतीय सैनिकों के बलिदान के बाद वित्त वर्ष 2020-21 से चीन से आयात 102 प्रतिशत बढ़ गया है, जबकि चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 155 प्रतिशत बढ़कर 112.16 अरब डॉलर हो गया है। खड़गे ने आरोप लगाया कि एक ओर चीन भारतीय निर्यात में बाधा डाल रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार चीनी निवेश पर लगी पाबंदियों में ढील देने और चीन से जुड़ी पात्र कंपनियों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन देने पर विचार कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मेक इन इंडिया अब इंपोर्ट फ्रॉम चाइना बन गया है?

चीन को लेकर मोदी सरकार से पूछे तीन सवाल



नयी विश्व व्यवस्थामें भारत की होगी अहम भूमिका-मोदी

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दुनिया के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने में मौजूदा वैश्विक व्यवस्था नाकाम हो रही है और ऐसे में नई विश्व व्यवस्था उभर रही है। इसमें भारत की अहम भूमिका होगी। उन्होंने मानवता के सामूहिक कल्याण पर जोर देते हुए कहा कि भारत अपनी क्षमताओं को मजबूत कर दुनिया को सशक्त बनाने में योगदान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने गुरुवार शाम नई दिल्ली में आयोजित एक शिखर सम्मेलन में 'व्यवस्थाओं के बीच की दुनिया' विषय पर मुख्य भाषण देते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी के विकास ने नई शक्तियों और नई आवाजों को जन्म दिया है। उन्होंने बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार की जरूरत बताते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण की आवाज को उचित स्थान मिलना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय सहयोग केवल अच्छे समय तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि संकट के समय भी प्रभावी होना चाहिए। मोदी ने कहा कि भारत दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने 'सशक्त बनाने की शक्ति' का दृष्टिकोण रखते हुए कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य केवल देश की प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बेहतर दुनिया के निर्माण की गारंटी भी है। भारत की आत्मनिर्भरता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब दुनिया के लिए केवल बैक ऑफिस नहीं, बल्कि 'ब्रेन ऑफिस' के रूप में भी काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि दुनिया के आधे से अधिक वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) भारत में हैं। ये केंद्र अब सामान्य सहायता सेवाओं से आगे (शेष पृष्ठ नौ पर)



युवाओं को केंद्र में रखकर बनायी जा रही हैं सरकार की नीतियां

नयी दिल्ली (आससे)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को हमेशा उनकी सरकार की नीतियों और पहलों के केंद्र में रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है। प्रधानमंत्री शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में तीन दिवसीय 'चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन' का उद्घाटन करने के बाद संबोधित (शेष पृष्ठ नौ पर)

यूपी एमएलसी चुनाव : स्नातक में ३९, शिक्षक निर्वाचन में ५६ प्रतिशत मतदान

लखनऊ (आससे)। विधान परिषद की लखनऊ खंड स्नातक और शिक्षक निर्वाचन सीटों पर शुक्रवार को हुए मतदान में शिक्षक निर्वाचन के मतदाताओं ने अधिक उत्साह दिखाया। मंडल के सातों जिलों में स्नातक निर्वाचन सीट पर औसतन 38.72 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन सीट पर 55.76 प्रतिशत मतदान हुआ। स्नातक निर्वाचन में खीरी 44.32 प्रतिशत मतदान के साथ पहले स्थान पर रहा। वहीं, शिक्षक निर्वाचन में रायबरेली में सबसे अधिक 63.14 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। दोनों सीटों पर प्रतापगढ़ सबसे पीछे रहा। यहां स्नातक निर्वाचन में 31.24 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 49.12 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। राजधानी लखनऊ में दोनों सीटों पर मतदान का प्रतिशत मंडल के औसत से कम रहा। यहां स्नातक निर्वाचन में 34.51 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन में 43.72 प्रतिशत मतदान हुआ। लखनऊ में शिक्षक निर्वाचन के मुकाबले स्नातक निर्वाचन में 9.21 प्रतिशत अंक कम मतदान दर्ज किया गया। स्नातक निर्वाचन सीट पर खीरी में सर्वाधिक 44.32 प्रतिशत मतदान हुआ। इसके बाद सीतापुर में 41.04, रायबरेली में 40.23, बाराबंकी में 40.03 और हरदोई में 39.65 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लखनऊ में 34.51 प्रतिशत और प्रतापगढ़ में सबसे कम 31.24 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। (शेष पृष्ठ नौ पर)

लखनऊ में औसत से कम मतदान

राहुलको हल्केमें न ले भाजपा-शशि थरूर

नयी दिल्ली (आससे)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पिछले कुछ महीनों में लोगों, खासकर युवा मतदाताओं में नया उत्साह जगाया है। उन्होंने कहा कि अब सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए इस बात पर ध्यान देने का समय आ गया है कि लोग उससे क्यों दूर हो रहे हैं। शशि थरूर ने आगे दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी ने इस पर ध्यान देना शुरू भी कर दिया है। यही वजह है कि वह राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। थरूर ने राहुल गांधी का समर्थन ऐसे समय किया है, जब हाल ही में भाजपा ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्हें फेल प्रोडक्ट यानी असफल उत्पाद कहा। एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक समाचार चैनल के समिट में बिना नाम लिए गांधी परिवार के वंशज राहुल गांधी पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, मुझे नहीं पता कि कांग्रेस अपने फेल प्रोडक्ट को लॉन्च करने के लिए देश को कितने समय तक दांव पर लगाती रहेगी। श्रीहरिकोटा (सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र) से एक साल में उतने (शेष पृष्ठ नौ पर)

मतदाता सूचीमें बड़े पैमाने पर गड़बड़ीका लगाया आरोप

एसआईआर के विरोधमें मार्च, सैकड़ों हिरासतमें

नयी दिल्ली (आससे)। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में शुक्रवार को दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग मुख्यालय की ओर मार्च निकाल रहे कई प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन पर मतदाताओं के नाम कथित तौर पर सूची से हटाए जाने का आरोप लगाया। मार्च में वरिष्ठ माकपा नेता वृंदा करात के अलावा ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमेंस एसोसिएशन और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन के सदस्य भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' और 'वोट चोरी बर्दाश्त नहीं' जैसे नारे लगाए। मार्च गोल डाकखाना के निकट कालीबाड़ी मार्ग और भाई वीर सिंह मार्ग के चौराहे से शुरू होकर निर्वाचन आयोग मुख्यालय की ओर बढ़ रहा था। लेकिन पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया और कई लोगों को हिरासत में ले लिया।

कोलकाता : मोस्ट-वांटेड माओवादी दंपती का आत्मसमर्पण, एक-४७ और इंसास राइफल सौंपी

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल और झारखंड में वांछित माओवादी दंपती मंगल और मालती ने शुक्रवार को आत्मसमर्पण कर दिया। दोनों ने कोलकाता के लालबाजार स्थित पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त अजय के. नंद के सामने हथियार डाल दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस को एक एके-47 और एक इंसास राइफल भी सौंपी। दोनों पर कुल सात लाख रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, सुरक्षा बलों के लगातार दबाव और माओवादी गतिविधियों के लिए मुश्किल होते हालात के बीच दोनों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया है। मंगल और मालती ने 23 अक्टूबर को कोलकाता पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त अजय के. नंद के सामने आत्मसमर्पण किया। दोनों पश्चिम बंगाल और झारखंड में वांछित थे। आत्मसमर्पण के समय उन्होंने एक एके-47 और एक इंसास राइफल पुलिस को सौंप दी। पुलिस के (शेष पृष्ठ नौ पर)



टायर फटने से खाई में गिरी कार, चार की मौत

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान के दौसा-मनोहरपुर नेशनल हाईवे (ह॥-148) पर शुक्रवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। रायसर के पास एक कार का टायर फटने से चार लोगों की मौत हो गई। टायर फटते ही कार बेकाबू होकर सड़क किनारे एक गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में चार लोगों की मौत और दो अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। राजस्थान में ये हादसा सुबह छह बजे के करीब हुआ। टायर फटते ही ड्राइवर का कार से कंट्रोल छूट गया। इसके बाद कार खाई में जाकर गिरी, जिससे चार लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद के लिए पुलिस को फोन किया। इस दौरान स्थानीय लोगो ने गाड़ी में फंसे लोगों को बाहर निकाल लिया। घायलों को अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। वहीं मृतकों के शवों को मोर्चरी भेजा दिया गया है। रायसर के थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि हादसे की मुख्य वजह टायर फटना ही था। इस हादसे में जान गंवाने वालों की पहचान हो चुकी है।

ड्राइविंग लाइसेंस : अब भारतीय-विदेशी नागरिकोंके लिए होंगे अलग कलर कोड

नयी दिल्ली (आससे)। देश में ड्राइविंग लाइसेंस (डीएल) जारी करने और इसके नवीनीकरण की प्रक्रिया को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और सख्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़े नीतिगत बदलाव का खाका तैयार किया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएस) ने केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन के लिए एक नया मसौदा प्रस्ताव जारी किया है। इस मसौदे के तहत भारतीय नागरिकों और विदेशी नागरिकों के लिए अलग-अलग रंग वाले ड्राइविंग लाइसेंस जारी करने की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही, लाइसेंस बनवाने और उसमें सुधार की प्रक्रिया को पेपरलेस, तेज और बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पूरा करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुधार प्रस्तावित किए गए हैं। मंत्रालय ने इस मसौदे पर आम जनता और हितधारकों से 30 दिनों के भीतर सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की हैं। सड़क परिवहन मंत्रालय के नए (शेष पृष्ठ नौ पर)



सड़क हादसे में दो की मौत

अमेठी (एजेंसी)। लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र में कादूनाला चौकी के पास शुक्रवार देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में बाइक आ गई। हादसे में बाराबंकी जिले के घुंघटेर थाना क्षेत्र के जमुआ गांव निवासी रोहित उर्फ खूनखून (25) और अटहरा गांव निवासी बृजेश उर्फ ग्लोस (22) की मौत हो गई। दोनों की मौत से परिवारों में मातम पसरा है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चालक और वाहन की तलाश करने के साथ मामले में कार्रवाई में जुटी है। पुलिस के अनुसार, हादसा रात करीब नौ बजे हुआ। दोनों युवक बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने (शेष पृष्ठ नौ पर)

अमिताभके बंगले-दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई(आससे)। मुंबई की मेयर ऋतु तावड़े को एक धमकी भरा ई-मेल आया है, जिसमें अभिनेता अमिताभ बच्चन का घर और गायक दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट स्थल को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों और मुंबई पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। अधिकारी ने बताया कि बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) मुख्यालय में मेयर के दफ्तर की गहन तलाशी ली गई, लेकिन वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। पुलिस के अनुसार, यह ई-मेल डिप्टी मेयर संजय घाडी को भी भेजा गया था। अधिकारी ने बताया कि मेयर को आए मेल में 31 अक्टूबर को एक स्कूल पर ग्रेनेड हमले की चेतावनी दी गई है। वहीं 31 अक्टूबर से 27 नवंबर के बीच सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के जुहू स्थित घर जलसा को निशाना बनाने की धमकी दी गई है। अधिकारी ने बताया कि इस धमकी के बाद, सुरक्षा एजेंसियों ने संदेश की सच्चाई का पता लगाने, यह कहां से भेजा गया है यह जानने और भेजने वाले की पहचान करने के लिए व्यापक जांच शुरू कर दी है। खालिस्तान का जिक्र करने वाले इस (शेष पृष्ठ नौ पर)

मुंबई मेयर को मिला ई-मेल

अरुणाचल में चीनी सैनिकों से अब भी तनातनी

आईटीबीपी चीफ बोले- हमारे शौर्य कमांडो तैयार

नयी दिल्ली (आससे)। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) प्रमुख शत्रुजीत सिंह कपूर ने बताया कि आईटीबीपी ने शौर्य कमांडो नाम से एक नई लड़ाकू इकाई तैयार की है। इन कमांडो ने अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर चीनी सेना (पीएलए) के साथ चल रहे गतिरोध के दौरान अपनी क्षमताएं साबित की हैं। कपूर ने कहा कि हर बॉर्डर बटालियन में कमांडो तैनात किए जाएंगे, क्योंकि यह फोर्स चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) पर अपनी युद्ध-तैयारी को मजबूत कर रही है। आईटीबीपी प्रमुख की ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब यह बल अपने आधुनिकीकरण अभियान को तेज कर रहा है, जिसमें नई युद्ध तकनीकों और विशेष प्रशिक्षण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। 24 अक्टूबर को आईटीबीपी के 65वें स्थापना दिवस से पहले राजस्थान के अलवर में एक आईटीबीपी बेस पर जवानों को संबोधित करते हुए कपूर ने कहा कि भारत के सबसे बड़े विरोधी चीन का



मुकाबला करने के लिए युद्ध के पारंपरिक तरीके अब काफी नहीं हैं। इस बल ने अपनी सीमा-रक्षक बटालियनों में ड्रोन प्लाटून बनाए हैं और अपने जवानों को ड्रोन चलाने तथा इस तकनीक को विकसित करने के लिए प्रशिक्षित कर रहा है। कपूर ने बताया कि आईटीबीपी को सरकार से 400 करोड़ रुपये की फंडिंग मिली है, जिसमें से 70 प्रतिशत राशि का इस्तेमाल उसकी ड्रोन युद्ध क्षमताओं को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने 4,000 करोड़ रुपये की आधुनिकीकरण योजना को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। इसमें ड्रोन और एंटी-ड्रोन सिस्टम के लिए 1,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। आईटीबीपी ने एक नया स्ट्राइक कोर्स भी तैयार किया है, ताकि जवानों को (शेष पृष्ठ नौ पर)

सऊदी के चार शहरोंमें इंडिगो की उड़ानें रद

नयी दिल्ली (आससे)। भारतीय एयरलाइन इंडिगो ने बदलती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर सऊदी अरब के रियाद से आने-जाने वाली उड़ानें 31 अक्टूबर तक रद्द कर दी हैं। वहीं, जेद्दा, दम्माम और मदीना से आने-जाने वाली उड़ानें 27 अक्टूबर तक रद्द रहेंगी। इंडिगो ने बयान जारी कर कहा कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एयरलाइन स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है। प्रभावित यात्रियों को उनकी बुकिंग के दौरान दिए गए संपर्क विवरण के जरिए सूचना दी जा रही है। एयरलाइन ने यात्रियों को हवाई अड्डे के लिए रवाना होने से पहले अपनी (शेष पृष्ठ नौ पर)

यहां भी पढ़ें
-:Website:-
www.ajhindidaily.com
-:For e-Paper:-
www.ajhindidaily.com/
आज गौरव शाली परंपरा का १०४ वां वर्ष
निःशुल्क ई-पेपर सब्सक्राईब करें।

मौसम

सूर्योदय : ०६.००
सूर्यास्त : ०५.२४

तापमान
अधि. : ३१.०
न्यून. : २०.०

चारों भाइयों के मिलन की झांकी देख नगरवासी भावविह्वल

श्री मौनी बाबा रामलीला कमेटी का भरत मिलाप नाटी इमली मैदान में सम्पन्न





श्री १०८ श्री मौनी बाबा रामलीला कमेटी, काशी के तत्वावधान में नाटीईमली मैदान में दूसरे दिन होने वाला भरत मिलाप इस बार भी हर्षोल्लास माहौल में एवं जय श्रीराम उद्घोष के बीच नाटीईमली के भरत मिलाप मैदान में सायंकाल ४.४५ बजे सकुशल सम्पन्न हुआ। यह भरत मिलाप का ५२९वाँ संस्करण था। भरत मिलाप कार्यक्रम के प्रारम्भ में श्री हनुमान जी, भगवान राम, लक्ष्मण एवं माता जानकी का संदेश लेकर नंदीग्राम पहुँचते हैं, वहाँ श्री भरत जी और शत्रुघ्न जी के साथ ही पूरी अयोध्यावासियों को भगवान के आगमन का संदेश देते हैं। संदेश देने के पश्चात हनुमान जी तुरन्त नाटीईमली भरत मिलाप मैदान के लिये प्रस्थान कर जाते है। संदेश सुनकर श्री भरत जी एवं शत्रुघ्न जी अयोध्यावासियों के साथ अयोध्या भवन, विशेश्वरगंज से भरत मिलाप चबूतरे के लिये प्रस्थान करते है। अस्त होते सूर्य की किरणों के बीच श्री भरत जी एवं शत्रुघ्न जी भरत मिलाप चबूतरे पर षाष्ठांग दण्डवत करते हुए लेट जाते है। इसे देखकर राम और लक्ष्मण पुष्पक विमान से दौड़ते हुए भरत और शत्रुघ्न को गले लगा लेते हैं। यह दृश्य देखकर मैदान का वातावरण राममय हो जाता है। चारों भाईयों की झाँकी देखने के लिये अपार जनसमूह उमड़ा रहता है और चारों तरफ जय श्रीराम का उद्घोष होने लगता है। चारों भईयों के मिलन के बाद पुष्प वर्षा के बीच स्थानीय लोग सभी स्वरूपों को पुष्पक विमान पर विराजित करते है। तत्पश्चात् परम्परागत तरीके से आरती-पूजन के बाद पुष्पक विमान कंधे पर लेकर यादव बंधु एवं अन्य श्रद्धालु नाटीईमली से बगवावीर, डी.ए.वी., दारानगर, महामृत्युंजय, विशेश्वरगंज होते हुए मौनी बाबा का शिवाला, अयोध्या भवन पहुँचते है। रास्ते भर भक्तगण द्वारा जगह-जगह पर पुष्पक विमान पर चारों भाईयों की आरती उतारी जाती है। कमेटी के महंत पंडित श्रीराम शर्मा द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया है। इस दौरान प्रबंधक विक्रम भारद्वाज द्वारा रामलीला का संचालन एवं समस्त गणमान्य अतिथियों को अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस प्रशासन की भूमिका प्रशंसनीय रहीं। कार्यक्रम का संचालन कमेटी के प्रबंधक विक्रम भारद्वाज ने किया व धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष पंडित श्रीराम शर्मा ने किया।

चौबेपुर में ढोल-नगाड़ों के बीच निकली मां दुर्गा की विदाई यात्रा, सिंदूर लगाकर महिलाओं ने किया नमन

चौबेपुर स्थानीय बाजार में स्थापित प्रियदर्शनी मां दुर्गा पूजा समिति की प्रतिमा का शुक्रवार देर रात धूमधाम से विसर्जन किया गया। इस दौरान महिलाओं ने सिंदूर लगाकर मां को नम आंखों से विदाई दी। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच निकली विसर्जन यात्रा में श्रद्धालु नाचते-गाते जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष आकाश गुप्त ने बताया कि नवरात्र की सप्तमी



तिथि को मां दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की गयी थी। विसर्जन यात्रा चौबेपुर बाजार से वाराणसी रोड, स्टेशन रोड, गाजीपुर रोड और बलुआ रोड होते हुए सोनबरसा तालाब पहुंची। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया। यात्रा में चौबेपुर सहित आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विसर्जन संपन्न कराने पर स्थानीय बुजुर्गों और लोगों ने समिति की सराहना की।

एक नजर इधर भी

बाबा का सुप्रसिद्ध मेला परसीपुर में २६ को लगेगा, मेला में झलकेगी आस्था

रामेश्वर। क्षेत्र का सुप्रसिद्ध बाबा का मेला 26 अक्तूबर को परसीपुर में लगेगा। रामेश्वर महादेव मन्दिर के महंत राममूर्ति दास उर्फ मदरसी बाबा के गो लोक महा प्रयाण हो जाने के बाद अब मेला के संयोजक स्वामी रामशरण दास जी महाराज ने बताया कि पूर्णिमा को लगने वाला यह प्राचीन मेला पूर्णिमा को रविवार पड़ने के कारण अगले दिन 26 को लगेगा। महाराज ने मेला की ख्याति को देखते हुए अवांछनीय तत्वों व शोहदों से निपटने के लिए जिला प्रशासन से पुलिस बल की ब्यवस्था कराये जाने की पुरजोर मांग की है। मेला क्षेत्र में दिखेगी आस्था की झलकियां।वहीं यह मेला परिधि क्षेत्र ग्राम पंचायत जगापट्टी के परसीपुर में पड़ने के कारण मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव के सौजन्य से प्रकाश की व्यवस्था, बैरिकेटिंग, मैटिंग ,साउंड सहित अन्य कार्य की जिम्मेदारी निभाई जाती है। प्रधान जी द्वारा जो भी कार्य कराया जाता है वह काफी सराहनीय एवं प्रशंसनीय है। इनके कार्यों से क्षेत्र की जनता आभारी है।

शहीद जवानों की स्मृति में दशाश्वमेध घाट पर जलेंगे आकाशदीप

शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्राचीन दशाश्वमेध घाट पर पुलिस और पीएसी के शहीद जवानों की स्मृति में आकाशदीप प्रज्वलित किए जाएंगे। गंगोत्री सेवा समिति की ओर से रविवार, 25 अक्टूबर को शाम पांच बजे आयोजित इस कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।समिति की ओर से प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में असंख्य दीपों के बीच आकाशदीप प्रज्वलित कर देश की सुरक्षा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले जवानों को नमन किया जाता है। समिति के सचिव दिनेश शंकर दुबे ने यह जानकारी दी है।

साधोगंज पुलिस चौकी के लिए जमीन आवंटन की मांग

साधोगंज पुलिस चौकी का अपना भवन और जमीन नहीं होने से पुलिसकर्मियों के साथ फरियादियों को भी परेशानी हो रही है। बार-बार चौकी का स्थान बदलने से उत्पन्न समस्या को देखते हुए क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश कुमार ने उपजिलाधिकारी पिंडरा को प्रार्थना पत्र देकर खरावन गांव में सड़क किनारे स्थित सरकारी परती जमीन चौकी के नाम आवंटित करने की मांग की है। उनका कहना है कि स्थायी भवन बनने से पुलिसकर्मियों को सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में भी सहूलियत होगी।

खौफनाफ बंदरों और मच्छरों से नागरिक त्रस्त

जिम्मेदार अधिकारी ने साधी चुप्पी

नगर निगम सीमा में खौफनाफ बंदर और मच्छरों के प्रकोप से अधिकतर नागरिक प्रभावित हैं। अब तो रात्रि का सवाल नही उठता है इन बंदरों का सामना करने के लिए लोग अपने घरों में रहना बेतक समझते हैं। नगर निगम के पशु कल्याण चिकित्साधिकारी को नागरिक और जनप्रतिनिधि फोन करते रह जायेंगे लेकिन आप बहुत ही भाग्यशाली होंगे तो उनका रिसिवर उठेगा। यह भी ज्यादातर उन्हीं अधिकारियों में शामिल हैं जो गणेश परिक्रमा को प्राथमिकता देते हैं। नगर निगम मुख्यालय से आधा किलोमीटर के आसपास खौफनाफ बंदर, छुट्टा पशु



और मच्छरों के प्रकोप ने लोगों को जीना हराम कर दिया है। संबंधित विषय में जिम्मेदार अधिकारी कुछ कहने के बजाय फोन उठाना मुनासिफ नही समझते हैं। जबकि थोड़ी ही दूरी पर वर्तमान और पूर्व महापौर, एमएलसी और पूर्व एमएलसी इन सभी लोगों का निवास है। प्रदेश सरकार जनहित में तमाम योजना शुरू की है और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया है कि नागरिकों के कामों में हिलाहवाली नही होना चाहिए लेकिन कुछ अधिकारी ऐसे हैं कि गिने चुने नंबरों को छोड़कर आम नागरिक से बात करना उचित नही समझते हैं। मच्छरों के लिए स्थानीय जोनल अधिकारी स्वास्थ्य जिम्मेदार है। जबकि बंदरों और छुट्टा पशुओं के लिए प्रथम जिम्मेदारी पशु कल्याण अधिकारी की होती है जो कि कागजों पर आंकड़ा तैयार करते हैं। गत दिनों भाजपा के सभासद प्रवीण राय कार्यकारिणी को अवगत कराया था कि खौफनाफ कुत्ते और बंदरों से नागरिक त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित विषय में पशु कल्याण अधिकारी ने गोलमटोल जवाब दिया था।

काशीकी रामलीला



२४ अक्तूबर, शनिवार

रामनगर :- श्रीराम राज्याभिषेक। **जैतपुरा :-** श्रीराम बारात, विवाह व विदाई। **लाटभैरव :-** राज्याभिषेक। **काशीपुरा :-** भरतमिलाप। **भदैनी :-** श्रीराम राज्याभिषेक। **लोहता :-** अभिनय। **लल्लापुरा :-** रावण वध, जानकी मिलन।

श्रीराम और भरत का मिलन देख हर्षित हुआ तीनों लोक

रामनगर चौक में चारों भाई गले मिले, तो भावुक हुए लीला प्रेमी, हर-हर महादेव के उद्घोष गूंजा लीला स्थल

रामनगर। आंखों से निकलने वाले आंसू एक ही होते हैं लेकिन परिस्थितियों के अनुसार उसका अनुभव अलग-अलग होता है। अयोध्यावासियों और लीला प्रेमियों के आंखों से उस समय भी आंसू निकले थे जब श्रीराम को चौदह वर्ष का वनवास मिला था। उस समय उनकी आंखों से निकलने वाला आंसू उन्हें दु:ख का अनुभव करा रहा था, लेकिन इस बार की परिस्थिति अलग थी। उनकी आंखों से अबकी बार बहने वाला आंसू उन्हें सुख का अनुभव करा रहा था क्योंकि चौदह वर्ष का वनवास काटकर भगवान श्रीराम अपनी पत्नी और भाई समेत अयोध्या लौट रहे थे। रामनगर चौक में जब रात्रि में श्रीराम और भरत गले



मिले तो यह देखकर तीनों लोक हर्षित हो गया। चारों भाइयों के मिलन का नयनाभिराम दृश्य देखकर लीला प्रेमी भावुक हो उठे। रामनगर का चौराहा हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठा। जब नंदीग्राम में अपनी पर्णकुटिया में बैठे सोच रहे भरत को हनुमान ने ब्राह्मण के वेश में वहां पहुंचकर उनको श्रीराम के वनवास काटकर अयोध्या वापस लौटने का संदेश सुनाया, तो उनका सारा कष्ट दूर हो गया। उनके शरीर में प्रसन्नता की तरंगे उठने लगी। उन्होंने ब्राह्मण वेशधारी हनुमान से उनका परिचय पूछा जिस पर उन्होंने अपना परिचय देने के बाद उनको राम और रावण युद्ध की पूरी कहानी बतायी। जिसे सुनकर भरत अत्यंत प्रसन्न हुए और उन्होंने उन्हें गले से लगा लिया। हनुमान उनको श्रीराम के लौटने का समाचार बताकर वापस उनके पास लौट गये। भरत ने यह समाचार अपने गुरु और माताओ को बताया। जिसे सुनकर पूरी अयोध्या में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। अयोध्या की सीमा पर पहुंचने पर श्रीराम ने अपने मित्रों विभीषण एवं सुग्रीव से अयोध्या की महिमा का वर्णन किया, तो वही भरत



गुरु, माताओ और अयोध्या वासियों को लेकर श्रीराम से मिलने के लिए चल पड़े। रामनगर चौक में रात्रि में ग्यारह बजे श्रीराम और भरत का मिलन हुआ। चारों भाई गले मिले तो यह नयनाभिराम दृश्य देखकर तीनों लोक हर्षित हो गया। श्रीराम ने पुष्पक विमान से उतरकर उसे कुबेर के पास वापस भेज दिया। वह गुरु, माताओ और अयोध्यावासियों से मिलने के बाद अपने वानर,भालू मित्रों का परिचय परिजनों से कराया। सभी मिलने के बाद अयोध्या पहुंचे। जहां गुरु वशिष्ठ ने ब्राह्मणों से पूछा कि यदि आप प्रसन्न मन से आज्ञा दीजिए तो श्रीराम सिंहासन पर बैठे। जिसे सुनकर ब्राह्मणों ने यह कार्य अत्यंत शीघ्र करने के लिए कहा। जिस पर उन्होंने सुमंत को बुलाकर कहा कि श्रीराम राज्याभिषेक की तैयारी जैसे पहले हुई थी वैसा ही करो। श्रीराम अपने मित्रों को स्नान कराने के लिए कहे, तो उनको स्नान कराया गया। सभी ने स्नान आदि करके नया वस्त्र धारण किया। यही पर मध्य रात्रि में भगवान की आरती के साथ लीला संपन्न हुई।

श्री श्याम महोत्सव में बहेगी भजनों की रसधारा

४३वां श्री श्याम महोत्सव २५ अक्तूबर को दुर्गाकुण्ड स्थित धर्मसंघ मणि मंदिर के प्रांगण में मनाया जायेगा। श्री श्याम बाल मंडल द्वारा आयोजित महोत्सव में देशभर के कई नामी गिरामी भजन गायक अपने सुरों से श्याम प्रभु की आराधना करेंगे। शुक्रवार को दुर्गाकुंड स्थित धर्मसंघ, मणि मंदिर, मैं आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्था के पदाधिकारियों यह जानकारी दी। संस्था के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल डब्बू मंत्री अमित शर्माए कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, श्याम बूबना निखिल अग्रवाल निशु शिवम शर्मा एवं समाजसेवी विजय मोदी और महेश चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार के अध्यक्ष भरत सराफ होंगे स्वागताध्यक्ष प्रदीप तुलस्यान, ओंकारनाथ महेश्वरी कमल अग्रवाल, पुरुषोत्तम जालान होंगे। सर्वप्रथम प्रात: सात बजे संस्था के



संरक्षक सूर्योदय शास्त्री के नेतृत्व में रुद्राभिषेक किया जाएगा। सुंदरकांड पाठ के कार्यक्रम संयोजक कृष्ण कुमार काबरा, नीरज महर्षि के नेतृत्व में आचार्य संजय हजारी जी द्वारा ५०१ भक्तों के साथ प्रात: नौबजे सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। दोपहर १२ बजे समाज की महिलाओं द्वारा भव्य महारास का आयोजन होगा तत्पश्चात स्थानिय कलाकारों के साथ साथ बाहर से आए कलाकारों द्वारा भजनों की रसधार बहायी जाएगी। कलाकारों में मुख्य रूप से जयपुर के प्रख्यात भजन गायक दादा कुमार नरेंद्र, अभिषेक नामा, नवीन शर्मा, क्रतिने शर्मा, ऋषिकेश, कोलकाता से संजू शर्मा, मुंबई से रोहित शर्मा, वाराणसी से कृष्णा दाधीच एवं अन्य स्थानीय मंडल श्री त्रिदेव मंदिर सेवक परिवार एवं श्री श्याम मंडल आदि शामिल हैं। संस्था के कोषाध्यक्ष पवन शर्मा ने बताया कि महोत्सव के लिए कोलकाता से आये कारीगरों द्वारा भव्य सजावट कराई जाएगी देशी विदेशी फूलों से श्याम प्रभु की अलौकिक झांकी रथ पर विराजमान होगी।। श्याम प्रभु को सवामणि का भोग लगाया जाएगा जो भक्तों को वितरण होगा । रात्रि में श्री श्याम प्रभु की महाआरती की की जाएगी ।

उधारी पैसा मांगने पर दुकानदार की पिटाई, मुकदमा दर्ज

मिर्जामुराद। भोखीपुर गांव के पास केआईटी कालेज के समीप उधारी के रुपये मांगने पर कैफे संचालकों ने एक दुकानदार की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गौर गांव निवासी शिवम कुमार गुप्ता की किराना एवं बेकरी की दुकान है। आरोप है कि केआईटी कालेज के समीप स्थित कैंपस कैफे के संचालक आर्यन और प्रियांशु उनकी दुकान से सामान उधार लेते थे। बुधवार की रात करीब नौ बजे शिवम ने बकाया ३० हजार रुपये मांगे तो दोनों कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

ओवरटेक के चलते ट्रक से टकराई पार्सल लदी पिकअप, चालक घायल

मिर्जामुराद। क्षेत्र के खजुरी स्थित नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को ओवरटेक के दौरान पार्सल लदी पिकअप आगे चल रहे ट्रक से टकरा गयी। हादसे में पिकअप का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। जिसमे पिकअप चालक घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल पिकअप चालक को इलाज हेतु खजूरी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।भदोही जिले के ऊंज निवासी सोनू पांडेय पिकअप में पार्सल लादकर कछवां से गोरखपुर जा रहे थे। खजुरी के पास आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान पिकअप अनियंत्रित होकर ट्रक के पिछले हिस्से से टकरा गई। हादसे में चालक घायल हो गए तो वही खलासी बाल-बाल बच गया।

पूर्व मध्य रेल

पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल
विज्ञापन सूचना संख्या 01/2026

इच्छुक चिकित्सा विशेषज्ञ से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेलवे, डीडीयू मंडल द्वारा एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे उल्लिखित कार्य हेतु **आवेदन आमंत्रित** किए जाते हैं।

1. कार्य का नाम एवं स्थान: मंडलीय रेलवे अस्पताल, डीडीयू में चिकित्सा विशेषज्ञ की नियुक्ति, केस-टू-केस आधार पर व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने हेतु। **केस-टू-केस आधार पर आवश्यक विशेषज्ञ: • जनरल सर्जन, • अधिमानत: लैप्रोस्कोपिक (अपने उपकरण सहित)। • ऑर्थोपेडिक सर्जन। • एनेस्थेटिस्ट। • प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ। • नेत्र रोग विशेषज्ञ। स्थान:** मंडलीय रेलवे अस्पताल/डीडीयू/ईसीआर **2. कार्य हेतु आवेदन जमा करने की तिथि, समय एवं अवधि:** 27.11.2026 को दोपहर 12:30 बजे तक। **आवेदन सीलबंद लिफाफे में निम्न पते पर भेजा जाना है:** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेलवे, पंडित डीडीयू मंडल, पं. डीडीयू नगर, जिला चंदौली, उत्तर प्रदेश-232101. **3. वेबसाइट, जहां से पूर्ण विवरण एवं प्रारूप डाउनलोड किया जा सकता है:** वेबसाइट: https://ecr.indianrailways.gov.in/ **नोट:** रेलवे प्रशासन को बिना किसी सूचना के आवेदन निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। इस सूचना का विवरण एवं प्रारूप वेबसाइट https://ecr.indianrailways.gov.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व मध्य रेलवे, पं. डीडीयू मंडल
पीआर/1181/डीडीयू/एमईडी/नोटिस/26-27/40

मनुस्मृति के वास्तविक स्वरूप को कदापि बदला नहीं जायेगा-शंकराचार्य

श्री विद्या मठ केदारघाट में शुक्रवार को श्रीकाशी विद्वत्परिषद न्यासकी आवश्यक बैठक ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगदगुरू शंकराचार्य स्वामिश्री : अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज के सान्निध्य में आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता आचार्य कमलाकांत त्रिपाठी ने किया। बैठक में विद्वानों ने मनुस्मृति

श्रीकाशी विद्वत परिषद न्यास की बैठक

सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए विशेष रूप से पंचांग निर्माण से संबंधित जो विसंगतियां सामने आ रही है और दो तिथियां पर त्योहार मनाये जा रहे हैं जिससे समाज में भ्रम उत्पन्न हो रहा है उसमें एकरूपता हेतु बल दिया। मनुस्मृति पर हो रहे संशोधन से संबंधित चर्चाओं द्वारा समाज में फैल रहे उन्माद एवं भ्रम की स्थिति के मध्य नजर रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि आगे प्रस्तुत संदर्भ में भारत वर्ष के विशिष्ट विद्वानों की बैठक आहूत की जायेगी। तथा एक बड़ी सभा का आयोजन किया जायेगा जिसमें देश विदेश में जो भी पांडुलिपि एवं प्रकाशन



विद्यमान है उससे मूल प्रति में या भाषा में क्या अंतर आया है इस पर भी विचार किया जायेगा। इसके मंथन से जो वितंडावाद समाज में उत्पन्न किया गया है उससे उबरने में जनमानस को सहायता मिलेगी और भविष्य में भी यदि कोई भ्रम उत्पन्न करने का कुप्रयास करेगा, तो वह प्रमाणित नहीं माना जायेगा। इस कार्य में समस्त संग्रहालयों से प्रमाणित पांडुलिपियों को इसके लिए मंगाने का प्रस्ताव आचार्य सुधाकर मिश्र ने किया। इस अवसर पर शंकराचार्य महाराज ने कहा कि समग्र रूप से भारतवर्ष के विशिष्ट विद्वानों का आह्वान कर मनुस्मृति के अपरिवर्तनीय होने पर खुल निर्णय लिए जायेंगे एवं मनुस्मृति के वास्तविक स्वरूप को कथमपि बदला नहीं जायेगा। शंकराचार्य जी ने कहा कि पंचांगों के मतभेद को दूर करने एवं एकरूपता स्थापित करने हेतु ठोस कदम उठाए जायेंगे। बैठक में न्यास के अध्यक्ष डॉक्टर परमेश्वर दत्त शुक्ल, उपाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी महामंत्री आचार्य शत्रुघ्न त्रिपाठी, सुधाकर मिश्र, प्रोफेसर श्रीकृष्ण त्रिपाठी, उमापति उपाध्याय, पंडित महेन्द्र पाण्डेय, गिरिश पाण्डेय, अवधराम पाण्डेय, प्रोफेसर शैलेश तिवारी, गिरीश दत्त पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

क्षय मुक्त काशी – निरोग काशी

क्षय रोग (TB) के लक्षण

समुचित आहार लेने पर भी शरीर का वजन कम होना। * भूख न लगना, अरुचि होना। * दो हफ्तों से अधिक समय तक खाँसी का ठीक न होना। * गहरी सांस लेने, खाँसने, छींक या हँसी आदि से छाती में चुभन सा दर्द। * थोड़ा श्रम करने से भी हाँफना। * हल्का बुखार जो बना रहे। * मुख से बलगम के साथ रक्त आना। * गले में गाँठ का तीन सप्ताह से अधिक समय तक बने रहना।



सामाजिक संस्था संकल्प द्वारा 26 वर्षों से अनवरत चलने वाला शिविर/अभियान
क्षय मुक्त काशी-निरोग काशी
डॉ0 अश्विनी जैन क्लिनिक,मलदहिया, वाराणसी से प्रत्येक कार्यदिवस में संचालित है।
चिकित्सक
डॉ0 हर्षित जैन डॉ0 आंचल अग्रवाल (जैन)

संकल्प द्वारा प्रचारित व प्रसारित
-: सहयोग :-
आज

कन्हैयालाल गुलाबचन्द सर्राफ
सोने, कुन्दन व हीरे के आभूषणों का अत्याधुनिक संग्रह, चांदी के बर्तन, सोने व चांदी के सिक्कों एवम् घड़ रत्नों की विशाल शृंखला उपलब्ध
दीक्ष (ठठेरी बाजार चौराहे के सामने) वाराणसी फोन: 0542 - 2390754

चांदी सिल प्रति किलो-	2,12,000/-
सिक्का प्रति सैकड़ा-	2,48,000/-
सोना स्टैण्डर्ड 10 ग्राम-	1,45,000/-
सोना 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम-	1,36,200/-

विधान परिषद चुनाव : शिक्षक मतदाताओं ने दिखाई ताकत

शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में ६९.८७ प्रतिशत,स्नातक में ४१.११ प्रतिशत मतदान,वाराणसी खंड की दोनों सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान, १.४३ लाख से अधिक मतदाताओं ने डाले वोट; पहाड़िया मंडी में मतपत्र सीलबंद









विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान छिटपुट घटनाओं के बीच शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। सुबह आठ बजे शुरू हुआ मतदान शाम तक चला। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में ४१.११ प्रतिशत, जबकि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में ६९.८७ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। स्नातक की तुलना में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान को लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह नजर आया।वाराणसी खंड के अंतर्गत वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही और बलिया समेत आठ जिले शामिल हैं। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल २,८८,५५३ मतदाताओं में से १,१८,६११ ने मतदान किया। वहीं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के ३४,९०० मतदाताओं में से २४,३३४ ने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह मतदान की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी रही, लेकिन दोपहर बाद मतदान केंद्रों पर तेजी आई। शाम होते-होते अधिकांश केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें समाप्त हो गईं और मतदान केंद्र खाली होने लगे। शिक्षक मतदाताओं की सक्रियता पूरे दिन स्नातक मतदाताओं से अधिक रही। मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतपत्रों को प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सील कर पहाड़िया मंडी स्थित स्ट्रांग रूम में देर रात सुरक्षित रख दिया गया।चुनाव में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के केदारनाथ सिंह और सपा के लाल बिहारी यादव आमने-सामने हैं। वहीं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के प्रमोद कुमार मिश्र और सपा के आशुतोष सिंह के बीच मुकाबला है। इनके अलावा कुल ३४ प्रत्याशी चुनाव मैदान में भाग्य आजमा रहे है। दोनों सीटों के परिणाम पर प्रत्याशियों के साथ राजनीतिक दलों की भी नजरें टिक गई हैं। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में लाल बिहारी यादव पूर्व में इस सीट से चुनाव जीते हैं, जबकि स्नातक क्षेत्र में आशुतोष सिंह भी पूर्व में निर्वाचित हैं।

मतदान के दौरान भाजपा कार्यकर्ता और सपा प्रत्याशी में झड़प

एमएलसी चुनाव के दौरान शुक्रवार की दोपहर सदर तहसील परिसर में स्नातक प्रत्याशी और समाजवादी पार्टी के नेता आशुतोष सिन्हा संग भाजपा कार्यकर्ताओं की झड़प की घटना सामने आई है।इस दौरान सतर्कता के बीच बूथ पर मतदान का क्रम जारी रहा। आरोप है कि वह हर बूथ में जाकर अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं से मिल रहे थे। आरोप है कि मतदाताओं से हाथ मिलाते देखकर भाजपाइयों ने इस दौरान अपना प्रचार बूथ पर करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत दर्ज कराते हुए विरोध प्रदर्शन करने लगे। विवाद बढ़ता देखकर मौके पर पुलिस कर्मियों ने हस्तक्षेप किया। इस दौरान परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दोनों पक्षों से नारेबाजी और आरोप प्रत्यारोप का दौर देखकर पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। आशुतोष सिन्हा का कहना था कि बतौर प्रत्याशी वह बूथों का दौरा कर सकते हैं जिसपर भाजपा की ओर से आपत्ति की गई और विवाद किया गया। हालांकि पुलिस ने विवाद होने के बाद समय रहते दोनों पक्षों को अलग कर शांति व्यवस्था कायम की लेकिन मौके पर काफी देर तक गहमागहमी के बीच दोनों पक्षों में तनाव देखने को मिला।

मंडलायुक्त ने किया मतदान

विधान परिषद के लिए हो रहे मतदान के दिन सदर तहसील में



शुक्रवार को दौरान मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने पहुंचकर मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा वहां मतदान कर रहे मतदाताओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।मंडलायुक्त ने मतदान केंद्र पर उपलब्ध सुविधाओं एवं मतदान प्रक्रिया की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने मतदाताओं से मतदान के दौरान किसी प्रकार की असुविधा होने के संबंध में भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने स्वयं भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए मतदान किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर नितिन कुमार, सदर तहसीलदार समेत व्यवस्था में जुड़े अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने विभिन्न मतदान स्थलों, केंद्रों का किया निरीक्षण

जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने वाराणसी खंड स्नातक शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के जिलाधिकारी ने मतदान से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन कर मतदाताओं से बातचीत भी किया। उन्होंने जोनल मजिस्ट्रेट को कहा कि



मतदान को सकुशल संपन्न कराने को लेकर विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा मतदान कार्मिकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सदर तहसील, राजकीय क्वींस इंटर कॉलेज, क्षेत्र पंचायत कार्यालय/कार्यालय खंड विकास अधिकारी विकास खंड अराज़ीलाइन्स का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी बूथों पर सीसीटीवी कैमरे पूरी मतदान प्रक्रिया के दौरान संचालित रहें। उन्होंने मतदान कार्मिकों से निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि मतपेटिका खोलने, मतदान के उपरांत सील करने तथा अन्य निर्धारित प्रक्रियाओं का निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सावधानीपूर्वक पालन सुनिश्चित किया जाए।

विमान भरेंगे रोमांच, दिखाएंगे करतब

भारतीय वायु सेना का आज से फिर शुरू होगा विंग्स ओवर गंगा, समारोह में कल आएंगे प्रधानमंत्री

एक बार फिर काशी के नभ पर भारतीय वायु सेना का शौर्य और लड़ाकू विमानों के करतब देखने को मिलेगा। २५ अक्टूबर को वायु सेना के इस कार्यक्रम में वाराणसी के सांसद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। इसके लिए शुक्रवार को पूरे दिन शासन-प्रशासन की तैयारी चलती रही। धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी में गुरुवार लोग घाटों पर जुटे। राफेल, सुखोई-३० एमकेआई, मिराज-२००० और तेजस जैसे लड़ाकू विमानों की तेज रफ्तार, हवा में अचानक दिशा बदलने की क्षमता और हैरतअंगेज एरोबेटिक करतबों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। गंगा की लहरों के ऊपर गर्जना करते लड़ाकू विमान, आसमान में कलाबाजियां दिखाते राफेल और सुखोई तथा हेलीकॉप्टरों



को भारतीय वायुसेना के शौर्य, पराक्रम और आधुनिक सैन्य क्षमता का शानदार नजारा देखने को मिला। गंगा के ऊपर आयोजित 'विंग्स ओवर गंगा' एयर शो की औपचारिक शुरुआत के साथ ही काशी का आसमान लड़ाकू विमानों की गर्जना से गूंज उठा। पहली बार वाराणसी में आयोजित हो रहे इस हवाई प्रदर्शन को देखने के लिए बड़ी संख्या में से उतरते जांबाज जवानों ने दर्शकों को भारतीय वायुसेना की ताकत का अहसास कराया। हवाई प्रदर्शन में विमानों के बीच सटीक तालमेल, पायलटों का कौशल और कठिन परिस्थितियों में विमान को नियंत्रित करने की क्षमता साफ नजर आई। भारतीय वायुसेना की विभिन्न प्रदर्शन टीमों ने काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़े नामों वाले फॉर्मेशन के जरिये भी अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया।

विंग्स ओवर गंगा' बनेगा यादगार अनुभव

गंगा के ऊपर आयोजित यह हवाई प्रदर्शन आम लोगों के लिए एक दुर्लभ और रोमांचक अनुभव रहा। इसी विशेषता को ध्यान में रखते हुए इसकी थीम 'विंग्स ओवर गंगा' रखी गई है। २२ के बाद अब २४ और २५ अक्टूबर को आयोजित इस एयर शो के माध्यम से वाराणसी के लोगों और यहां आने वाले पर्यटकों को भारतीय वायुसेना की क्षमता, आधुनिक सैन्य तकनीक और जवानों के अदम्य साहस को करीब से देखने का अवसर मिल मिलेगा। काशी के घाटों के ऊपर विमानों की गर्जना और आसमान में बनते आकर्षक फॉर्मेशन इस आयोजन को यादगार बना रहे हैं।

चिनूक से जवानों का उतरना बना आकर्षण

हवाई प्रदर्शन के दौरान हेलीकॉप्टरों और परिवहन विमानों की क्षमताओं को भी प्रदर्शित किया गया। चिनूक हेलीकॉप्टर से गंगा के ऊपर ऋूज पर जवानों के उतरने का प्रदर्शन दर्शकों के लिए खास आकर्षण रहा। भारतीय वायुसेना के विशेष बल गरुड़ की भागीदारी ने भी कार्यक्रम को विशेष बनाया। लड़ाकू विमानों की गर्जना और हेलीकॉप्टरों से उतरते जवानों के साहस ने दर्शकों के लिए हवाई प्रदर्शन को यादगार बना दिया।



मुख्यमंत्री योगी आज पहुंचेंगे काशी, पीएम मोदी के साथ एयर शो में होंगे शामिल



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के २५ अक्टूबर को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ २४ अक्टूबर की शाम काशी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री यहां रात्रि विश्राम के बाद २५ अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नमो घाट पर भारतीय वायुसेना के एयर शो 'विंग्स ओवर गंगा' में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ २४ अक्टूबर को शाम करीब पांच बजे हेलीकॉप्टर से संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुंचेंगे। यहां से वे सर्किट हाउस जाएंगे, जहां रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ नमो घाट पर आयोजित एयर शो में शामिल होंगे।

मोदी के आगमन से पहले सुरक्षा चाक-चौबंद, खोचवां में हेलीकाप्टर का टच एंड गो रिहर्सल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के २५ अक्टूबर को प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हैं। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले शुक्रवार को मिर्जामुराद क्षेत्र के

२५ को अरविंद मिल्स यूनिट का करेंगे लोकार्पण, प्रशिक्षित महिलाओं से संवाद के बाद नमोघाट पहुंचेंगे प्रधानमंत्री

खोचवां स्थित जनता इंटर कालेज मैदान में बनाये गये अस्थायी हेलीपैड पर भारतीय वायुसेना के हेलीकाप्टर ने टच एंड गो रिहर्सल किया। बाबतपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरकर हेलीकाप्टर ने खोचवां हेलीपैड पर उतरने और तत्काल उड़ान भरने का पूर्वाभ्यास किया। पूर्वाभ्यास के दौरान हेलीपैड और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा का कड़ा घेरा रहा। एसडीएम राजातालाब शांतनु कुमार सिनसिनवार और एसीपी राजातालाब वीर सिंह समेत पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस बल के साथ अग्निशमन दल और एंबुलेंस को भी तैनात रखा गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री २५ अक्टूबर को बाबतपुर एयरपोर्ट से वायुसेना के हेलीकाप्टर से सीधे खोचवां पहुंचेंगे। यहां वह गुजरात की कंपनी अरविंद मिल्स की यूनिट का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री यूनिट में कार्यरत प्रशिक्षित महिलाओं से संवाद कर उनके अनुभव और रोजगार से जुड़े कार्यों की जानकारी लेंगे।

मतदाता सूची में गड़बड़ी से परेशान रहे मतदाता

पिंडरा ब्लाक के मतदाताओं के नाम बड़ागांव व बड़ागांव के मतदाताओं के नाम पिंडरा ब्लाक के मतदाता सूची में होने के कारण मतदाताओं को काफी भागदौड़ करनी पड़ी। जिससे मतदाताओं में अफरा तफरी दिखी। बड़ागाँव ब्लॉक के मलहथ निवासी अशोक पाल का मतदाता सूची में नाम पिंडरा ब्लाक में तो उनकी पत्नी का नाम बड़ागाँव ब्लॉक में होने के कारण मतदान देने के लिए ४० किमी का चक्कर काटना पड़ा। पहले पत्नी को मतदान कराया फिर अपने मतदान किया। इसी तरफ दर्जनों लोगों ऐसे रहे जिनका नाम मतदान सूची में किसी अन्य ब्लाक में रह। मंगारी के राजेश गुप्ता का चोलापुर व उनके पुत्र विशाल का नाम हरहुआ ब्लाक में होने के कारण मतदान देने से वंचित रहे। इसी तरह कई मतदाताओं के नाम मतदान सूची से नदारत मिलने पर बैरंग वापस लौट गये।

प्रदेश सरकार के तीन मंत्रियों ने किया मतदान



स्नातक एमएलसी चुनाव में प्रदेश सरकार के तीन मंत्री डाक्टर दयाशंकर मिश्र, हंसराज विश्वकर्मा और रविन्द्र जायसवाल ने अपने गृह जनपद वाराणसी में मतदान केंद्रों पर मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने मतदान करने के बाद मतदाताओं से अपने मताधिकार के प्रयोग करने की अपील किया। वाराणसी के मछोदरी स्थित शारदा विद्या मंदिर में आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ दयाशंकर मिश्र ने वाराणसी खंड विधान परिषद निर्वाचन के लिए मतदान किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्र ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता, सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला है। एक स्वस्थ्य वातावरण के निर्माण के लिए मताधिकार का उपयोग करना है। वही, स्टाम्प पंजीयन मंत्री स्वतंत्र



प्रभार रविन्द्र जायसवाल ने भी अपने परिवार के साथ मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान किया। मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने कहा कि स्नातक चुनाव (एमएलसी) में परिवार के साथ मतदान किया हूँ। क्या आपने मतदान किया है। अगर नहीं किया तो राष्ट्रहित में मतदान अवश्य करें। प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा ने वाराणसी में ककरमत्ता स्थित आदर्श बाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागिता की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के मत में निहित है। आइए, हम सभी अपने मताधिकार के महत्व को समझें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएँ।आपका एक वोट, लोकतंत्र की मजबूत नींव है।

आठ स्थानों पर पुष्पवर्षा और डमरुओं की थाप से होगा पीएम मोदी का स्वागत

महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने किया निरीक्षण, कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारियां

प्रधानमंत्री एवं काशी के सांसद नरेंद्र मोदी के २५ अक्टूबर को प्रस्तावित वाराणसी आगमन को लेकर भाजपा महानगर ने स्वागत की तैयारियां तेज कर दी हैं। महानगर



अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के नेतृत्व में पुलिस लाइन से नमो घाट तक आठ प्रमुख स्थलों पर शंखनाद, डमरू वादन, ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के साथ प्रधानमंत्री का भव्य अभिनंदन किया जायेगा। महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने स्वागत स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं। उन्होंने कहा कि काशी की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप प्रधानमंत्री का स्वागत भव्य एवं यादगार बनाया जायेगा। निर्धारित स्थलों में पुलिस लाइन, पुलिस लाइन मोड़, संस्कृत संकुल, लकड़ी मंडी तिराहा, गोलगड्डा तिराहा, कज्जाकपुरा, भदऊ चुंगी मोड़ और नमो घाट मोड़ शामिल हैं। इन स्थानों पर प्रदेश सरकार के मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों और विभिन्न मोर्चों के कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।


नोटम नहीं होने से सामान्य रहा विमानों का संचालन, २४ और २५ अक्तूबर को फिर रहेगा असर

बाबतपुर। लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर शुक्रवार को नोटम जारी नहीं होने के कारण विमानों का संचालन सामान्य रहा। हालांकि, स्पाइसजेट की वाराणसी से पुणे जाने वाली एक उड़ान परिचालन संबंधी कारणों से विलंबित रही। वहीं, एयर शो के मद्देनजर २४ और २५ अक्तूबर को फिर से नोटम प्रभावी रहने के कारण सुबह ११ बजे से दोपहर तीन बजे तक नियमित विमानों का संचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान निर्धारित उड़ानों को रीशेड्यूल किया गया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को स्पाइसजेट की उड़ान संख्या स्त्र ५२६ को वाराणसी से पुणे के लिए दोपहर ३.५० बजे रवाना होना था, लेकिन परिचालन संबंधी कारणों से इसका संभावित प्रस्थान समय शाम ५.४० बजे निर्धारित किया गया। इसके अलावा नोटम नहीं होने से अन्य नियमित उड़ानों का संचालन सामान्य रूप से हुआ। अधिकारियों ने बताया कि एयर शो के चलते २४ और २५ अक्तूबर को निर्धारित समय के दौरान विमानों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। इसके कारण नियमित उड़ानों के समय में बदलाव किया गया है। यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने से पहले संबंधित एयरलाइन से अपनी उड़ान का संशोधित समय पता करने की सलाह दी गयी है।

एमएलसी चुनाव के दौरान पश्चिमी प्रवेश द्वार बंद करने पर भड़के केराकत विधायक



पिंडरा ब्लाक मुख्यालय पर शुक्रवार को गहमा गहमी के बीच स्नातक/शिक्षक विधान परिषद के लिए मतदान हुए। सुबह धीमी शुरुआत हुई लेकिन दोपहर बाद मतदान में तेजी आई और सायँ ४ बजे तक स्नातक में ३९.८९ फीसदी और शिक्षक विधान परिषद में ७०.४५ फीसदी मतदान हुए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किये गये। एमएलसी चुनाव में वोटिंग करने पहुचे पिंडरा विकास खण्ड के करखियाव निवासी व सपा के पूर्व सांसद व केराकत विधायक तूफानी सरोज व एमएलसी प्रत्याशी लालबिहारी यादव से पूर्व में बने प्रवेश द्वार को बन्द कर देने पर पुलिस प्रशासन से तीखी नोख झोंक हुई। जिसपर दोनो लोगों ने जिलाधिकारी से मोबाइल से शिकायत दर्ज करायी। सपा विधायक तूफानी सरोज ने कहाकि विगत कई वर्षों से पश्चिमी द्वार से लोग प्रवेश कर मतदान करने जाते हैं लेकिन इस बार मतदाताओं को परेशान करने के लिए से एक किमी दूर से घूम कर अंदर जाने दिया



रायपुर (आ.स.से.)। ' राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु आज बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी की पावन भूमि जगदलपुर में आयोजित विश्वप्रसिद्ध बस्तर दशहरा उत्सव में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने बस्तर दशहरा की विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं की सराहना करते हुए इसे छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक गौरव, सामूहिक आस्था, सामाजिक समरसता और जनजातीय विरासत का जीवंत प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि लगभग 75 दिनों तक चलने वाला यह अनूठा उत्सव विभिन्न समुदायों को एक सूत्र में बांधने और पीढ़ियों से चली आ रही परंपराओं को संरक्षित रखने का उत्कृष्ट उदाहरण है। राष्ट्रपति ने माँ दंतेश्वरी को नमन करते हुए कहा कि बस्तर दशहरा जैसे विश्वप्रसिद्ध उत्सव में शामिल होना उनके लिए विशेष प्रसन्नता का विषय है। इस उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें विभिन्न गोत्रों, समुदायों और समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता रहती है। रथ निर्माण से लेकर रथ खींचने, पूजा-अर्चना और विभिन्न अनुष्ठानों तक प्रत्येक समुदाय अपनी परंपरागत जिम्मेदारी का निर्वहन करता है। यह सामूहिक सहभागिता सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक निरंतरता का असाधारण उदाहरण है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने बस्तर दशहरा के अंतर्गत आयोजित होने वाले मुरिया दरबार की परंपरा को जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस परंपरा में समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि एक साथ बैठकर जनसमस्याओं, आवश्यकताओं और सामाजिक विषयों पर विचार-विमर्श करते हैं। सामूहिक संवाद के माध्यम से निकाले गए समाधान समाज की खुशहाली और आपसी सहयोग का मार्ग प्रशस्त करते हैं। ऐसी परंपराएं भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करती हैं और लोकतांत्रिक मूल्यों को नई प्रतिष्ठा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि लगभग दो माह पूर्व राष्ट्रपति भवन में बस्तर के प्रतिनिधिमंडल से उनकी मुलाकात हुई थी। इसमें बस्तर पंडुम के विजेताओं के साथ बस्तर के परगना मांझी और चालकी भी शामिल थे। बस्तर पंडुम जैसे आयोजन जनजातीय युवाओं को अपनी संस्कृति, रीति-रिवाजों और परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जनजातीय समाज में अपार प्रतिभा और संभावनाएं हैं। उचित अवसर, प्रोत्साहन और संसाधन उपलब्ध होने पर जनजातीय समाज के बेटे-बेटियां जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में देश का गौरव बढ़ा सकते हैं। उन्होंने बस्तर ओर्लंपिक में जनजातीय युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि खेल प्रतिभाओं को उचित मंच मिलने से बस्तर के युवा भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं और ओर्लंपिक जैसे प्रतिष्ठित आयोजनों में पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ा सकते हैं। राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की समस्या से मुक्ति और सुरक्षा एवं विकास के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावा. ' का उल्लेख करते हुए केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद की पीड़ा से मुक्त होकर यह क्षेत्र प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बस्तर के युवा और जनजातीय समुदाय के लोग अपनी प्रतिभा, परिश्रम और सहभागिता से देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने बस्तर क्षेत्र के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि रामायण में इस अंचल का संबंध दंडकारण्य से जोड़ा जाता है। भगवान श्रीराम के वनवास से संबंधित अनेक प्रसंग इस क्षेत्र की सांस्कृतिक स्मृतियों में विद्यमान हैं। माता शबरी के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों, माता सीता की पवित्रता और माता शबरी की भक्ति से प्रेरणा लेकर समाज को नैतिकता, मर्यादा और मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। बस्तर की सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। राष्ट्रपति ने जनजातीय समाज की प्रकृति पूजा की परंपरा की सराहना करते हुए कहा कि पेड़-पौधों, जंगलों और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान इस समाज की विशिष्ट पहचान है। जनजातीय परंपराओं में पेड़-पौधों को केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवनदाता के रूप में देखा जाता है। प्रकृति हमें ऑक्सीजन, जल, फल, फूल, भोजन और औषधियां प्रदान करती है। इसलिए प्रकृति की पूजा के साथ-साथ उसका संरक्षण और संवर्धन भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जंगल, पहाड़ और प्राकृतिक संसाधन अमूल्य धरोहर हैं। इनका उपयोग आवश्यकता के अनुरूप करते हुए इनके संरक्षण और क्षतिपूर्ति की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। एक वृक्ष को विकसित होने में कई दशक लगते हैं, इसलिए वनों की रक्षा और अधिकाधिक पौधरोपण भविष्य की पीढ़ियों के लिए जरूरी है। उन्होंने सभी नागरिकों, विशेषकर जनजातीय समाज के लोगों से अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने और जंगलों को हरा-भरा बनाए रखने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास की नई संभावनाएं खुल रही हैं। जनजातीय उद्यमियों को वित्तीय सुविधाओं और बाजार से जोड़ने के प्रयास समावेशी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर उपलब्ध कराकर वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में जनजातीय समाज की भागीदारी और अधिक मजबूत होगी। बस्तर दशहरा के पारंपरिक अनुष्ठानों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने कुटुम्ब जात्रा के माध्यम से ग्राम देवी-देवताओं की विदाई तथा 27 अक्टूबर को माँ दंतेश्वरी और देवी मावली की डोली विदाई जैसे आयोजनों को इस उत्सव की विशिष्ट धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का परिचायक बताया। उन्होंने माँ दंतेश्वरी से बस्तरवासियों के उज्ज्वल भविष्य, छत्तीसगढ़ की प्रगति और समग्र विकास की कामना की। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने बस्तर दशहरा और विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतांत्रिक मूल्य हमारी सभ्यता एवं संस्कारों में गहराई से रचे-बसे हैं। उन्होंने कहा कि सामूहिकता जनजातीय समाज की जीवन पद्धति का अभिन्न हिस्सा है। गांवा. ' में सामाजिक निर्णय मिल-बैठकर लिए जाते हैं। बड़ों की बात सुनना और प्रत्येक व्यक्ति की आवाज को सम्मान देना जनजातीय समाज की सहज परंपरा रही है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को सरकार देगी अतिरिक्त साड़ी

प्रदेश की 3.80 लाख से अधिक कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को मिलेगा लाभ

लखनऊ(आससे)। उत्तर प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को निर्धारित वेशभूषा में काम करने के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत देने की तैयारी तेज हो गई है। राज्य सरकार ने विभाग में कार्यरत 3.80 लाख से अधिक आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को हर साल एक अतिरिक्त साड़ी उपलब्ध कराने का निर्णय किया है। इसके लिए 19 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जाएंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से इस व्यवस्था को लागू करने की तैयारी की जा रही है। जल्द ही अतिरिक्त साड़ी के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को केंद्रों पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और किशोरियों से जुड़ी सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी



निभानी होती है। इसके लिए उन्हें नियमित रूप से क्षेत्र में भी जाना पड़ता है। मौजूदा व्यवस्था में सामान्य योजना के तहत केंद्र और राज्य सरकार के 60-40 के अनुपात में प्रतिवर्ष दो साड़ियां उपलब्ध कराई जाती हैं। अब एक अतिरिक्त साड़ी मिलने से निर्धारित वेशभूषा में ड्यूटी करने के दौरान उन्हें सहूलियत मिलेगी। साड़ी गंदी होने, धुलाई या खराब मौसम के कारण दूसरी वेशभूषा की जरूरत पड़ने जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक लाख 90 हजार 145 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए इतनी ही संख्या में कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं के पद स्वीकृत हैं। इस तरह कुल तीन लाख 80 हजार 290 कर्मियों को अतिरिक्त साड़ी देने का निर्णय लिया गया है। सरकार का उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों पर सेवाओं के संचालन को बेहतर बनाने के साथ कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के लिए निर्धारित वर्दी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। प्रति साड़ी 500 रुपये की दर से इस व्यवस्था पर कुल 19 करोड़ एक लाख 45 हजार रुपये खर्च होने का अनुमान है। अतिरिक्त साड़ी उपलब्ध कराने का फैसला कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की कार्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखकर लिया गया है। अब महिला एवं बाल विकास विभाग की तैयारी इस व्यवस्था को अमलीजामा पहनाने पर केंद्रित है। धनराशि उपलब्ध होने और वितरण की प्रक्रिया आगे बढ़ने के बाद प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों और सहायिकाओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

तमिलनाडु में एसआईआर पर बवाल

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। शुक्रवार को चुनाव आयोग की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सत्तारूढ़ टीवीके और मुख्य विपक्षी दल डीएमके समेत कई दलों ने विरोध जताते हुए बैठक से वॉकआउट कर दिया। इन दलों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उनका आरोप है कि पिछली विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाए गए और चुनाव आयोग ने पारदर्शिता बनाए नहीं रखी। हालांकि, अन्नाद्रमुक और भाजपा के प्रतिनिधि बैठक में शामिल रहे। तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक की अध्यक्षता में शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष सारांश पुनरीक्षण यानी एसएसआर पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई गई थी।

ओटीएस योजना से करदाताओं को 116 करोड़ की राहत

करदाताओं को तीन किस्तों में भुगतान की सुविधा, 15 दिसंबर तक उठा सकेंगे लाभ

लखनऊ (आससे)। योगी सरकार द्वारा नगरीय निकायों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और करदाताओं को पुराने बकायों के निस्तारण में राहत देने के लिए संचालित एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। प्रदेश के सभी 762 नगरीय निकायों में लागू इस योजना के तहत अब तक 1,71,166 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 1,33,589 आवेदन स्वीकृत किए जा चुके हैं, जबकि 34,801 आवेदन प्रक्रिया में हैं।

योगी सरकार की इस योजना के माध्यम से पात्र करदाताओं को लंबित गृहकर, जलकर और सीवरकर के बकायों के निस्तारण में राहत दी जा रही है। योजना के तहत 312.94 करोड़ रुपये की मांग के सापेक्ष अब तक 72.96 करोड़ रुपये की वसूली हुई है,



जबकि पात्र लाभार्थियों को 116.43 करोड़ रुपये की राहत प्रदान की गई है। इससे 1,33,589 लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ मिला है।प्रदेश के 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद और 545 नगर पंचायतों में संचालित योजना के तहत प्राप्त आवेदनों में आवासीय संपत्तियों की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। अब तक 1,42,274 आवेदन आवासीय संपत्तियों से संबंधित हैं। वहीं, 15,999 आवेदन व्यावसायिक संपत्तियों और 12,889 आवेदन अन्य श्रेणी की संपत्तियों के हैं। योजना के तहत प्रति लाभार्थी औसतन लगभग 8,715.37 रुपये की राहत मिली है।

सहयोगी दलों की नाराजगी कम करने की कोशिश करेंगे शाह

लखनऊ (आससे)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव से पहले सहयोगी दलों के बदलते तेवरों पर नजर बनाए हुए है। खासकर निषाद पार्टी के बदले सुरों ने पार्टी को असहज किया है। वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी में लगातार जारी बगावत भी एनडीए के लिए मुश्किल का सबब बन सकती है। गोरखपुर में भाजपा एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने एमएलसी चुनाव में सपा प्रत्याशी का खुलेआम समर्थन कर अपना रुख साफ कर दिया है। अब 30 अक्तूबर को राजधानी आ रहे केंद्रीय मंत्री अमित शाह सहयोगी दलों के साथ समन्वय कर सकते हैं। दरअसल, विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ एनडीए के कुछ दल दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं। निषाद पार्टी के अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद ने तो दिल्ली में आयोजित रैली में अलग राह चुनने की चेतावनी तक दे दी है। वहीं, समाजवादी पार्टी लगातार सुभासपा के नेताओं को अपने पाले में कर ओमप्रकाश राजभर की सियासी जमीन कमजोर करने की कवायद में लगी है। हालांकि चुनाव में अभी करीब तीन



माह का समय होने की वजह से सियासी समीकरण बदलने की संभावना भी जताई जा रही है। खासकर भाजपा के लिए चाणक्य की भूमिका का निर्वहन करने वाले केंद्रीय मंत्री अमित शाह यूपी में चुनावी प्रबंधन के साथ एनडीए के दलों को छिटकने से बचाने की रणनीति बना सकते हैं। दरअसल, भाजपा ने एमएलसी और राज्यसभा चुनाव में तमाम नए प्रत्याशी उतारे जिसकी वजह से कई जगहों पर असंतोष के सुर उठने लगे हैं। गोंडा के तमाम नेताओं का सपा में शामिल होना चुनावी गणित बिगाड़ सकता है। गोंडा में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह भी टिकट नहीं मिलने पर कहीं और अपना ठिकाना बना सकते हैं।

दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर से यूपी के उद्योग-व्यापार को लगे पंख

सहारनपुर (एजेंसी)। दिल्ली से देहरादून तक का सफर अब पहले के मुकाबले कहीं आसान और तेज हो गया है। इस साल 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 213 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। यह कॉरिडोर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के उद्योग-व्यापार के लिए गेम चेंजर साबित हो रहा है। करीब 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से बने इस सिक्स लेन एक्सेस कंट्रोल्ड कॉरिडोर ने छह से सात घंटे के सफर को घटाकर ढाई से तीन घंटे तक कर दिया है। इससे उद्यमियों, निर्यातकों और ट्रांसपोर्टरों को समय बचाने के साथ कारोबार की रफ्तार बढ़ाने का अवसर मिला है।इस कॉरिडोर की खास बात यह है कि इसका 135 किलोमीटर हिस्सा, यानी लगभग 64 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश से गुजरता है। अक्षरधाम से शुरू होकर यह लोनी, मंडोला, खेकड़ा, बड़ौत, शामली, मुजफ्फरनगर और सहारनपुर होते हुए देहरादून तक पहुंचता है। सहारनपुर में इसका सबसे बड़ा स्ट्रेच करीब 45 किलोमीटर का है, जिससे जिले के कारोबारियों को खास लाभ मिलने की उम्मीद है। कॉरिडोर पर 100 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड लिमिट निर्धारित है। कठा, रसूलपुर खेड़ी, सैय्यद मजरा और गणेशपुर में चार प्रमुख टोल प्लाजा बनाए गए हैं। हर एंट्री-एग्जिट पर भी टोल लगता है, लेकिन ग्रीनफील्ड कॉरिडोर होने के कारण सफर में रुकावट कम होती है।सहारनपुर लकड़ी की नक्काशी, फर्नीचर और हस्तशिल्प उद्योग के लिए देश-विदेश में पहचान रखता है। यहां तैयार होने वाले उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने में परिवहन और माल ढुलाई की अहम भूमिका है।

मृत्यु पूर्व बयान पर संदेह के लिए ठोस आधार जरूरी, आजीवन कारावास की सजा बरकरार-हाईकोर्ट

प्रयागराज (आससे)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हत्या के एक मामले में कहा कि मृत्यु पूर्व बयान की विश्वसनीयता पर संदेह करने के लिए ठोस आधार होना जरूरी है। केवल मामूली विरोधाभास के आधार पर मृत्यु पूर्व बयान को खारिज नहीं किया जा सकता। अदालत ने चश्मदीद गवाह की गवाही, डॉक्टर की पुष्टि और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृतक के बयान की पुष्टि होने पर आरोपी की अपील खारिज कर दी। साथ ही हत्या के मामले में सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति जय कृष्ण उपाध्याय की खंडपीठ ने दिया है। बरेली निवासी कृष्ण कुमार उर्फ कुंभकरण पर आरोप था कि उसने फरवरी 1987 की रात को जमीन विवाद में भीम सिंह के पेट में गुप्ती से वार किया था। घायल भीम सिंह को अस्पताल ले जाया गया जहां 25 फरवरी की सुबह उनकी मौत हो गई। घायल का मृत्यु पूर्व बयान कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने दर्ज किया था। ट्रायल कोर्ट ने जुलाई 1989 को अपीलकर्ता को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। आरोपी की ओर से दलील दी गई कि प्राथमिकी और मृत्यु पूर्व बयान में घायल को अस्पताल पहुंचाने के तरीके को लेकर अंतर है। चश्मदीद गवाह के बयान दर्ज करने में भी देरी हुई थी। आरोपी ने अपने पिता को बचाने के दौरान हुई हाथापाई में गलती से चोट पहुंचाई थी।

नहीं चला उड़ता तीर का जादू, सोनाक्षी की फिल्म की खराब शुरुआत

शुक्रवारको बॉक्स ऑफिस पर छोटे-बड़े बजट की पांच फिल्में रिलीज हुईं। इसमें जहां एक तरफ आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' सिनेमाघरों में लगी। वहीं सोनाक्षी ने भी लंबे समय के बाद थिएटर में वापसी की। हालांकि, पांच नई फिल्मों में से कोई भी फिल्म ओपनिंग डे पर 5 करोड़ तक का आंकड़ा नहीं छू पाई। हैरानी की बात यह रही कि ये फिल्में मिलकर भी 5 करोड़ नहीं कमा पाई। यहां जानें किस फिल्म ने



कितना कमाया। फिल्म पहला प्यार दूसरी बार को लव फिल्म्स का निर्देशन अनुज सैनी ने किया है। इसमें स्पर्श वालिया, अलीशा चोपड़ा, कुणाल वैद, साक्षी वैद्य, तुषार छिब्बर, और सरगुन कौर लुथरा जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। आज पहले दिन इसने महज 41 लाख की कमाई की है। मतलब साफ है कि यह फिल्म भी पहले दिन कुछ खास कमाल नहीं कर पाई है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की मच-अवेटेड फिल्म उड़ता तीर भी आज शुक्रवार को सिनेमाघरों में सज गई है। यह एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है। आयुष्मान की इस फिल्म का जिस तरह क्रेज था और जिस हिसाब से इसका प्रमोशन किया जा रहा था, फिल्म उस उम्मीद पर खरी नहीं उतर पाई है।पहले दिन इसने खबर लिखे जाने तक महज 3.02 करोड़ की कमाई की है। मेकर्स के लिए ये संख्या संतोषजनक नहीं होगी। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जैसे बड़े सितारों की फिल्मों से बड़ी ओपनिंग की उम्मीद होती है और फिल्म पहले दिन 5 करोड़ का आंकड़ा भी ना छू पाए, तो ये कहीं ना कहीं एक औसत शुरुआत मानी जाती है। आयुष्मान की पिछली फिल्म पति-पत्नी और वो दो की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही थी। शनिवार और रविवार, यानी वीकएंड पर इस फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। अब देखना होगा ये फिल्म आगे कैसा परफॉर्म करती है।

यामी गौतम की एक्टिंग पर भारी पड़ी कमजोर स्क्रिप्ट

बालाजी मोहन के निर्देशन में बनी फिल्म 'नई नवेली' में एक ऐसे परिवार की कहानी दिखाई गई है, जहां हर बात पर बहस होती है। घर में नई दुल्हन आती है और उसका देवर उस पर शक करने लगता है। कहानी में हॉरर और कॉमेडी का मेल करने की कोशिश की गई है। फिल्म की शुरुआत मनोरंजक अंदाज में होती है। पारिवारिक नोकझोंक, अजीब परिस्थितियां और गलतफहमियां कहानी को आगे बढ़ाती हैं। शुरुआती हिस्से में फिल्म अपनी कॉमेडी के दम पर दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब रहती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह आगे भी अपना आकर्षण बरकरार रख पाती है? यामी गौतम धर ने फिल्म में मोहिनी का किरदार निभाया है, जो शादी के बाद मेरठ स्थित अपने नए घर में आती है। उसका देवर बंटू (अनुराग ठाकुर) मानता है कि मोहिनी जैसी दिखती है, असल में वैसी नहीं है। उसे अपनी भाभी पर शक होता है और इसी शक के चलते घर में कई मजेदार परिस्थितियां पैदा होती हैं। परिवार के सदस्यों की प्रतिक्रियाएं और उनके बीच होने वाली नोकझोंक फिल्म के शुरुआती हिस्से को दिलचस्प बनाती हैं। इन दृश्यों में कहानी सहज लगती है और कॉमेडी भी बेहतर तरीके से काम करती है। बंटू के किरदार में अनुराग ठाकुर खास तौर पर प्रभावित करते हैं। उनकी कॉमिक टाइमिंग अच्छी है और वह साधारण संवादों को भी मजेदार बना देते हैं। कई जगहों पर जब चुटकुले उतना असर नहीं छोड़ते, तब भी अनुराग अपने अभिनय से दृश्यों को संभाल लेते हैं। उनके किरदार को और बेहतर तरीके से विकसित किया जा सकता था, लेकिन सीमित भूमिका के बावजूद वह अपनी छाप छोड़ते हैं। हालांकि कहानी में जब राम और रावण की पौराणिक कथा से जुड़े काल शील नाम के पत्थर की एंट्री होती है, तब फिल्म का अंदाज बदलने लगता है। कहानी धीरे-धीरे



अलौकिक घटनाओं और पौराणिक संघर्ष की तरफ बढ़ जाती है। इस बदलाव के साथ परिवार का वह ड्रामा पीछे छूटने लगता है, जो शुरुआत में फिल्म की सबसे बड़ी ताकत था। दुर्भाग्य से, पौराणिक कहानी उतनी दिलचस्प नहीं बन पाती और फिल्म का मनोरंजन वाला पक्ष कमजोर पड़ने लगता है। पौराणिक कथाओं और कॉमेडी को एक साथ पेश करना अपने आप में गलत विचार नहीं है, लेकिन 'नई नवेली' में ये दोनों पहलू एक-दूसरे के साथ तालमेल नहीं बिठा पाते। जब परिवार के सदस्यों के बीच की नोकझोंक अपनी लय पकड़ने लगती है, तभी कहानी किसी दूसरे ट्रैक पर चली जाती है। पारिवारिक हिस्से सहज और परिचित लगते हैं, जबकि पौराणिक घटनाएं किसी दूसरी फिल्म का हिस्सा महसूस होती हैं। कहानी को गहराई देने के बजाय ये हिस्से उसकी रफ्तार को बाधित करते हैं। फिल्म में कई घटनाएं ऐसी भी हैं, जिनका आपसी संबंध स्पष्ट नहीं हो पाता। राजा सड़क के दूसरी तरफ क्यों है, किरदारों की उम्र क्या है, दशहरे से पहले दिवाली कैसे आ जाती है और हनुमान से जुड़ा प्रसंग कहानी में किस तरह फिट बैठता है, ऐसे सवाल कथा को कई जगहों पर अतार्किक बना देते हैं।

जियो प्लेटफार्म्स आईपीओ ने रचा बड़ा इतिहास

मुंबई (आससे)। भारतीय पूंजी बाजार के इतिहास में नया कीर्तिमान रचते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज समर्थित डिजिटल सेवा कंपनी जिओ प्लेटफॉर्म्स का 30,213 करोड़ का शुरुआती सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को रिकॉर्ड 22.19 गुना ओवरसब्सक्राइब होकर बंद हुआ। एंकर निवेशकों और पब्लिक इश्यू को मिलाकर कंपनी को कुल 7.4 लाख करोड़ से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं। इसके साथ ही इस आईपीओ को कुल 1.39 करोड़ आवेदन मिले, जिसने भारतीय प्राथमिक शेयर बाजार में आवेदनों की संख्या का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड कायम कर दिया है। जियो आईपीओ को निवेशकों की ओर से बंपर रिस्पॉन्स मिला है और इसके अंतिम सब्सक्रिप्शन आंकड़े बेहद शानदार रहे हैं। कुल मिलाकर यह इश्यू 22.19 गुना सब्सक्राइब होकर बंद हुआ है। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स ने सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई,



जिनका कोटा रिकॉर्ड 70.55 गुना भर गया। वहीं, नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 14.00 गुना और रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स का हिस्सा 2.72 गुना सब्सक्राइब हुआ। इसके अलावा, आरक्षित कोटे में भी अच्छी मांग रही, जहां शेयरधारकों ने 7.60 गुना और कर्मचारियों ने 2.93 गुना बोलियां लगाईं। 22 अक्तूबर से 24 अक्टूबर तक खुले इस आईपीओ ने पहले ही दिन से निवेशकों को आकर्षित किया। इश्यू के पहले दिन बुधवार को मात्र 100 मिनट के भीतर यह पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था, जो भारत में इतने बड़े आकार के आईपीओ के लिए सबसे तेज गति है। इस आईपीओ को मिले 1.39 करोड़ आवेदनों ने सोलर उपकरण निर्माता कंपनी वारी एनर्जीज द्वारा बनाए गए 97.34 लाख आवेदनों के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सार्वजनिक पेशकश से पहले 19 अक्तूबर को जियो प्लेटफॉर्म्स ने 212 एंकर निवेशकों से 1,119 प्रति शेयर की ऊपरी मूल्य सीमा पर 8,110 करोड़ जुटाए थे। एंकर बुक में आवंटन से 30 गुना से अधिक यानी 2.5 लाख करोड़ से अधिक की रिकॉर्ड बोलियां प्राप्त हुई थीं। एंकर निवेशकों में दुनिया के शीर्ष एसेट मैनेजर्स और सॉवरेन वेल्थ फंड्स शामिल रहे, जिनमें ब्लैकरॉक, फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स, जीआईसी और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी प्रमुख हैं। भारत के सबसे बड़े आईपीओ के रूप में जिओ प्लेटफॉर्म्स ने हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।





स्वतंत्रता सेनानी और आजाद हिन्द फौज की अधिकारी कैप्टन लक्ष्मी सहगल जी आजाद हिन्द सरकार में महिला मामलों की मंत्री थीं। सुभाष चंद्र बोस जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सेना में रहते हुए कैप्टन लक्ष्मी सहगल जी ने कई सराहनीय काम किए। उनके कंधों पर जिम्मेदारी थी फौज में महिलाओं को भर्ती होने के लिए प्रेरणा देना और उन्हें फौज में भर्ती कराना। कैप्टन लक्ष्मी सहगल 24.10.1914-23.07.2012 ने इस जिम्मेदारी को बखूबी अंजाम तक पहुँचाया। जिस जमाने में औरतों का घर से निकालना भी जुर्म समझा जाता था, उस समय उन्होंने 500 महिलाओं की एक फौज तैयार की, जो एशिया मे अपने तरह की पहली विंग थी। 'मातृभूमि सेवा संस्था' तथा हिन्दी दैनिक समाचार पत्र 'आज' आजाद हिन्द फौज की नायिका 'कैप्टन लक्ष्मी सहगल जी' की आज 112वीं जयंती पर इन्हें कोटिश: नमन करती है। - 'राकेश कुमार'

मातृभूमि सेवा संस्था
www.mss-ind.org
9891960477-क्रांतिकारियों के जीवन पर निर्मित कैलेंडर प्राप्त करने हेतु संपर्क सूत्र।

मध्य प्रदेश समाचार

प्रदेश में दोगुना करेंगे मत्स्य उत्पादन-मुख्यमंत्री

भोपाल (आससे)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नई एकीकृत मत्स्योद्योग नीति-2026 में यह प्रावधान किया है कि प्रदेश का मत्स्य उत्पादन हम जल्द से जल्द दोगुना कर देंगे। इससे मत्स्य उत्पादकों, विक्रेताओं, मत्स्य परिवहनकर्ताओं और मछली पालन से जुड़े सभी मत्स्यपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। राज्य सरकार मध्यप्रदेश में नई नीली क्रांति लाने के लिए तैयार है। मप्र की जल सम्पदा को निवेश, नवाचार और निर्यात से जोड़कर हम मध्यप्रदेश को मत्स्य पालन के मामले में देश का अग्रणी केन्द्र बनाएंगे। मध्यप्रदेश में उपलब्ध अथाह जलराशि का बेहतर सप्रबंधन कर जलचरों का संरक्षण भी कर रहे हैं। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। यहां कई बड़ी जल संरचनाएं मौजूद हैं। मध्यप्रदेश में उपलब्ध जल स्त्रोतों को बहु आय जलस्त्रोत बनाने जा रहे हैं। एक जल स्त्रोत से लोगों को पीने का पानी, किसानों को खेती



के लिए पानी, पशुपालकों को पशुओं के लिए पानी, मछली उत्पादन, जल पर्यटन सहित जलीय जीवों को भी संरक्षण मिलता है। किसानों और मत्स्य पालकों दोनों की आर्थिक स्थिति हालत सुधारने के लिए राज्य सरकार इस दिशा में ठोस काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में आयोजित नेशनल फिशरीज़ इन्वेस्टर्स एंड एक्सपोर्टर्स कान्क्लेव-2026 में आए प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नई नीति अतंर्गत प्रदेश में 1 लाख नए केज़ कल्चर स्थापित करने का लक्ष्य लिया है। प्रदेश के संरक्षित वन क्षेत्रों में भी बड़े तालाब निर्मित करेंगे, ताकि वन्य जीवों के साथ-साथ इन तालाबों का लाभ मत्स्यपालकों को भी मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के साथ इस कॉन्क्लेव का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

2,387.60 करोड़की नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर माइक्रो सिंचाई परियोजना का लोकार्पण

भोपाल (आससे)। परियोजना से धार एवं झाबुआ जिले के कुल 260 गांवों की 57,422 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इसमें धार जिले की सरदारपुर तहसील के 66 गांवों की 25,422 हेक्टेयर भूमि तथा झाबुआ जिले की विभिन्न तहसीलों के 194 गांवों की 32,000 हेक्टेयर भूमि शामिल है। इससे संबंधित क्षेत्रों के कृषकों को सिंचाई के लिए जल उपलब्ध कराने में सुविधा मिलेगी और कृषि उत्पादन बढ़ाने के अवसर विकसित होंगे। झाबुआ जिले में झाबुआ तहसील के 108 गांवों की 17,802 हेक्टेयर, पेटलावद तहसील के 6 गांवों की 1,502 हेक्टेयर, मेघनगर तहसील के 28 गांवों की 5,504 हेक्टेयर, थांदला तहसील के 39 गांवों की 5,927 हेक्टेयर, रामा तहसील के 12 गांवों की 1,185 हेक्टेयर तथा राणापुर तहसील के एक गांव की 80 हेक्टेयर भूमि को परियोजना से लाभान्वित किया जाएगा। परियोजना की प्रमुख विशेषता भूमिगत पाइप नहर प्रणाली है। इसके माध्यम से 2.5 हेक्टेयर चक तक 20 मीटर दबावयुक्त जल उपलब्ध कराया जाएगा। इस व्यवस्था से कृषक ड्रिप एवं स्प्रिंकलर पद्धति के माध्यम से सिंचाई कर सकेंगे। आधुनिक तकनीक आधारित इस प्रणाली से खेतों में पानी पहुंचाने की सुविधा विकसित होगी। साथ ही, पारंपरिक सिंचाई व्यवस्था की तुलना में जल का अधिक उपयोगी तरीके से इस्तेमाल करने में मदद मिलेगी। इस पद्धति से सिंचाई के लिए खेतों को समतल करने की आवश्यकता भी नहीं होगी।परियोजना के अंतर्गत धार जिले की कुक्षी तहसील के ग्राम चंदनखेड़ी में नर्मदा नदी से 186.62 मिलियन घन मीटर (एमसीएम) जल का उद्वहन प्रस्तावित है। योजना के संचालन के लिए 102.30 मेगावाट विद्युत की आवश्यकता निर्धारित की गई है। परियोजना से संबंधित क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से कृषकों को कृषि कार्यों के लिए जल उपलब्धता में सहयोग मिलेगा।

फॉरेंसिक जांच में तेजी लाएगा एआई, साक्ष्यों का सत्यापन जरूरी

लखनऊ (आससे)। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फॉरेंसिक विज्ञान और आपराधिक जांच की प्रक्रिया को तेज, प्रभावी और अधिक सटीक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। फिंगरप्रिंट और डीएनए विश्लेषण से लेकर सीसीटीवी फुटेज की जांच, डिजिटल साक्ष्यों के परीक्षण और अपराध से जुड़े लोगों व घटनाओं के बीच संबंधों की पहचान तक एआई का इस्तेमाल जांच एजेंसियों की क्षमता बढ़ा सकता है। हालांकि, एआई से प्राप्त निष्कर्षों को बिना सत्यापन अंतिम मानना जांच और न्यायिक प्रक्रिया के लिए जोखिमपूर्ण हो सकता है। ये बातें विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फॉरेंसिक्स एंड इन्वेस्टिगेशन विषय पर आयोजित पैनल चर्चा में कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध की जांच में एआई एक उपयोगी सहायक तकनीक है, लेकिन विशेषज्ञों की समझ, मानवीय विवेक और साक्ष्यों की स्वतंत्र पुष्टि का विकल्प नहीं है। यह चर्चा देश-विदेश के विशेषज्ञों ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संवाद-26 के टेकसंगम में हुई। पैनल के प्रारंभ में मॉडरेटर डीआईजी टेक्नीकल आशीष तिवारी ने वक्ताओं और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए फॉरेंसिक विज्ञान और आपराधिक जांच में एआई की उभरती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपराध की रोकथाम, पहचान, जांच और अभियोजन में फॉरेंसिक विज्ञान के महत्व के साथ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के प्रावधानों और व्यापक आपराधिक न्याय व्यवस्था में फॉरेंसिक साक्ष्यों की भूमिका का उल्लेख किया। पैनल चर्चा का निष्कर्ष रहा कि एआई जांच एजेंसियों के लिए एक प्रभावी तकनीकी साधन बन सकता है, लेकिन इसकी उपयोगिता विश्वसनीय डेटा, पारदर्शी प्रक्रियाओं और मानवीय निगरानी से ही सुनिश्चित होगी। जांच में तकनीक की गति के साथ साक्ष्यों की प्रामाणिकता और न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

जॉर्डन में बंदूकधारियों ने चर्च के अंदर की गोलीबारी, सात की मौत

अम्मान (एजेंसी)। जॉर्डन के करक में शुक्रवार को एक चर्च में अंतिम संस्कार के दौरान दो अज्ञात बंदूकधारियों ने गोलीबारी की, जिसमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और करीब 10 अन्य घायल हो गए। अल-ममलका टीवी के अनुसार हमलावर एक गाड़ी से उतरे और गोलीबारी शुरू कर दी। बंदूकधारियों ने करीब पांच मिनट तक लगातार गोलियां चलाईं और फिर वहां से भाग गए।

मां बनने से बिल्कुल अलग इंसान बन गयी हूं-कियारा आडवाणी




बेटी साराया के जन्म के बाद कियारा आडवाणी की जिंदगी में नाटकीय बदलाव आया। मां बनने के बाद से अभिनेत्री लाइमलाइट से काफी दूर रही हैं। हाल ही में वह अपनी आगामी फिल्म के प्रमोशन के लिए काम पर लौटी हैं । एक इंटरव्यू में कियारा आडवाणी ने प्रसव की भावनात्मक वास्तविकताओं और मातृत्व ने उन्हें भावनात्मक और मानसिक रूप से कैसे बदल दिया, इस बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने कहा, एक व्यक्तित्व के रूप में आप में सब कुछ बदल जाता है। मुझे लगता है कि मां बनने से पहले और बाद में, मैं हर तरह से एक बिल्कुल अलग इंसान बन गई हूं। और मैंने इसे स्वीकार भी कर लिया है। आप जो भी करते हैं, उसमें बहुत अधिक उद्देश्य होता है। मैं लगातार अपनी बेटी के लिए एक उदाहरण बनने के बारे में सोचती रहती हूं। अगर मैं ऐसा करूं तो मेरी बेटी को कैसा लगेगा? उन्होंने आगे कहा। मातृत्व के बारे में बात करते हुए कियारा आडवाणी ने कहा कि एक मां को दोहरी भूमिका निभानी पड़ती है। अपने नवजात शिशु की देखभाल करने के अलावा, वह घर का कामकाज भी संभालती है। उन्होंने स्वीकार किया कि एक माँ या गृहिणी जितना काम करती है, उसकी कल्पना हममें से कोई नहीं कर सकता। मैं ऐसी इंसान हूँ जिसने अपनी पूरी जिंदगी हर दिन काम किया है। मैंने बहुत व्यस्त शिफ्टें की हैं। मैंने बहुत संघर्ष किया है, अभिनेत्री ने आगे कहा। माता-पिता बनने के बाद, उन्होंने कहा कि वह कुछ समय के लिए अवकाश लेना चाहती हैं। उन्होंने समझाया, अवकाश लेने से कहीं अधिक, मैं वर्तमान में रहना चाहती थी, और साथ ही यह भी बताया कि वह अभी भी भविष्य की योजना बना रही हैं, बैठकों में भाग ले रही हैं और प्रस्तुतियों में शामिल हो रही हैं। नई मां ने आगे कहा कि मातृत्व की इस यात्रा में और घर से काम करने के परिदृश्य में भागदौड़ दोगुनी हो गई है, क्योंकि अब वह किसी और के जीवन के लिए जिम्मेदार है। अभिनेत्री ने बताया कि माता-पिता बनने के बाद व्यक्ति का नजरिया बदल जाता है। वे हर चीज को एक नए नजरिए से देखते हैं। उन्होंने आगे कहा, अभिनय के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी, आप अपने भविष्य के बारे में अलग-अलग विचार रखते हैं। इस दौर में आप अपने वर्तमान काम के अलावा अन्य चीजों के बारे में भी गहराई से सोचने लगते हैं। कियारा आडवाणी ने अपनी बेटी के जन्म के बाद प्रसवोत्तर परिवर्तनों के अपने अनुभव के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, प्रसवोत्तर अवस्था के बारे में और अधिक चर्चा होनी चाहिए। प्रसवोत्तर अवस्था में हर किसी का अनुभव अलग होता है। यह शारीरिक और भावनात्मक रूप से अलग-अलग तरह से प्रभावित करती है। अभिनेत्री ने अचानक बिना किसी कारण के त्वचा संबंधी समस्या से जूझने की बात याद करते हुए कहा, पहले तो मुझे लगता था, हे भगवान! ये सब क्यों हो गया! लेकिन अब मेरी जिंदगी में कोई भी चीज मुझे रोक नहीं सकती, और मैं जीना जारी रखूंगी। कियारा आडवाणी ने आगे बताया कि मातृत्व ने उन्हें खुद के प्रति दयालु होना सिखाया। पहचान में बहुत बड़ा बदलाव आता है। यह एक बिल्कुल नई दुनिया होती है। उस दौर में, खुद को समझने और समझने में समय लगता है। मुझे तो छह महीने लग गए! क्योंकि आपको एहसास होता है कि आप दूसरों के लिए इतना कुछ कर रही हैं कि आप खुद से अपने रिश्ते को, खुद से कही जाने वाली बातों को भूल जाती हैं, उन्होंने समझाया। अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि वह हमेशा दूसरों पर ही ध्यान केंद्रित करती रही थीं, जिसके कारण उन्हें खुद पर ध्यान देने का बहुत कम समय मिलता था, लेकिन मातृत्व ने उनके दृष्टिकोण को बदल दिया। उन्होंने आगे कहा, और यह मेरे लिए सबसे अच्छा काम है जो मैंने किया है। 34 साल बाद, मैंने सीमाएं तय करना सीख लिया है। मैंने हर बात पर खुद से ज़रूरत से ज़्यादा आलोचनात्मक बातचीत न करना सीख लिया है। मैंने डर पर ध्यान न देना सीख लिया है। और ये सारी बातें मुझे इन छह महीनों में खुद को सिखानी पड़ी हैं। कियारा आडवाणी ने सारायाह के जन्म के महज पांच महीने बाद पिछले दिसंबर में काम पर वापसी की। उन्होंने यह भी बताया कि उन्होंने अपनी गर्भावस्था के दौरान सात महीने तक फिल्म टॉक्सिक पर काम किया , जिसमें कई दमदार एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग भी शामिल थी।

अब भागदौड़ दुगुनी हो गयी है। एक व्यक्ति के रूप में आपमें सब कुछ बदल जाता है। मुझे लगता है कि मां बनने से पहले और बाद में मैं हर तरह से एक बिल्कुल अलग इंसान बन गयी हूं और मैंने इसे स्वीकार भी कर लिया है, कियारा आडवाणी ने बताया।





सतीश कौशिक के साथ रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था-अनिल कपूर



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनिल कपूर अपने शो को लेकर चर्चा में हैं। इस शो के अपकमिंग एपिसोड में अनिल कपूर ने दिवंगत अभिनेता-फिल्म निर्माता सतीश कौशिक के साथ अपनी गहरी दोस्ती को याद किया है। उन्होंने बताया कि उनके बीच का रिश्ता सिर्फ पेशेवर जुड़ाव से कहीं बढ़कर था। यह भावुक पल तब आया जब शो के एक प्रतियोगी गगन ने बताया कि लोग अक्सर उनकी तुलना दिवंगत अभिनेता से करते हैं। गगन की शक्ल सतीश कौशिक से काफी मिलती-जुलती है। गगन ने यह भी बताया कि टीवी शो सुमित संभल लेगा की शूटिंग के दौरान दिल्ली में उनकी मुलाकात सतीश कौशिक से हुई थी। इस बात ने अनिल कपूर को अपने दोस्त से जुड़ी पुरानी यादों में खो जाने पर मजबूर कर दिया। सतीश कौशिक के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए अनिल कपूर ने कहा, उनके साथ मेरा रिश्ता कैसा था, इसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर यह शूटिंग 70 मिनट की भी होती, तो भी उनके बारे में किस्से सुनाने के लिए कम पड़ जाती। वे मुझसे अक्सर कहते थे, तुम्हारा टैलेंट लाजवाब है। अनिल कपूर ने यह भी बताया कि वह प्यार से सतीश कौशिक को डैनी डेविटो कहकर बुलाते थे। दोनों को ट्विन्स फिल्म बहुत पसंद थी और वे अक्सर सोचते थे कि काश वे कभी साथ में जुड़वां भाइयों का किरदार निभा पाते। अपनी गहरी दोस्ती को याद करते हुए अनिल कपूर ने कहा, अगर मेरा कोई जुड़वां भाई हो सकता है, तो वह सिर्फ सतीश थे, क्योंकि वह मेरे बारे में सब कुछ जानते थे। मेरा गुस्सा, मेरी खुशी, हर एक बात। वह मुझे बहुत अच्छे से समझते थे। बातचीत तब और मजेदार हो गई जब अनिल कपूर और गगन ने मंच पर सतीश कौशिक का एक यादगार डायलॉग दोहराया, मेरा नाम है कैलेंडर, मैं चला किचन के अंदर! गगन के इस अंदाज की तारीफ करते हुए अनिल कपूर ने कहा, आपने मेरा दिल जीत लिया है। इसके बाद उन्होंने मजाक में दर्शकों से कहा कि अगर किसी के पास ट्विन्स फिल्म से प्रेरित कोई फिल्म बनाने के लिए पैसे हों, तो उन्हें और गगन को जुड़वां भाइयों के रोल में कास्ट करें। सतीश कौशिक का 9 मार्च 2023 को निधन हो गया था। वह एक बेहतरीन अभिनेता होने के साथ निर्देशक, निर्माता, एडिटर और स्क्रीनराइटर थे। वह अनिल कपूर के साथ मिस्टर इंडिया, राम लखन और जमाई राजा जैसी फिल्मों में नजर आए थे।

हमले के बाद शूटिंग पर लौटे टाइगर श्रॉफ

मुंबई के जुहू में कार पर हुई गोलीबारी की घटना के महज दो दिन बाद अभिनेता टाइगर श्रॉफ काम पर वापस लौट आए हैं। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, 18 अक्टूबर को हुए हमले के बाद टाइगर ने 20 अक्टूबर से अपनी अपकमिंग फिल्म लग जा गले की शूटिंग दोबारा शुरू कर दी है। यह एक रोमांटिक-एक्शन फिल्म है, जिसमें टाइगर पहली बार जाह्नवी कपूर और लक्ष्य के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। घटना के बाद पुलिस जांच जारी है। इसी बीच टाइगर ने अपने वर्क कमिटमेंट को पूरा करते हुए सेट पर वापसी की है। फिल्म लग जा गले का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस बैनर तले किया जा रहा है। फिल्म का निर्देशन राज मेहता कर रहे हैं, जो इससे पहले गुड न्यूज, जुग जुग जियो और सेल्फी जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। चर्चा है कि यह फिल्म मई 2027 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है, हालांकि रिलीज डेट को लेकर आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। यह बयान 18 अक्टूबर की फायरिंग की घटना के दो दिन बाद आया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर उस दिन शाम करीब 7 बजे मुंबई के एक फुटबॉल क्लब से निकल रहे थे। घटना के वीडियो में हमलावर उनकी कार पर पास से फायरिंग करते दिखे थे। टाइगर इस घटना में सुरक्षित बच गए। हालांकि, घटना में उनके ड्राइवर और एक राहगीर घायल हुए थे। टाइगर पर फायरिंग करने वाले आरोपियों ने बताया है कि उन्होंने पहले अमिताभ बच्चन, सलमान खान, आमिर खान और अक्षय कुमार की रेकी की थी, लेकिन सिक्योरिटी ज्यादा होने के कारण प्लान बदल दिया था। आरोपियों के साथ एक चौथा युवक भी था, लेकिन वह हमले से एक रात पहले सिगरेट पीने के बहाने होटल से भाग गया। वहीं टाइगर पर फायरिंग के मामले में अब तक 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे पहले पुलिस ने फायरिंग के मामले में बिहार के ऋतिक उर्फ रोशन, हरियाणा के रेहान और एक नाबालिग को कोटा से गिरफ्तार किया था। रेहान के दोस्त समीर और बोनी उर्फ रौनक भी पुलिस हिरासत में हैं। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने हथियारों की सप्लाई में भूमिका के आरोप में कुणाल, सुमित, राधा और बबीता को गिरफ्तार किया। राधा और बबीता को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से पकड़ा गया, जबकि कुणाल और सुमित को सोनीपत से हिरासत में लिया गया। मुंबई पुलिस ने पूछताछ के लिए चारों का तीन दिन का ट्रांजिट रिमांड हासिल किया है।

घटना के बाद पुलिस जांच जारी है। इसी बीच टाइगर ने अपने वर्क कमिटमेंट को पूरा करते हुए सेट पर वापसी की



रणबीर की रामायण पर लक्ष्मी जी की कृपा

बॉक्स ऑफिस पर किस्मत चमकने के लिए सिर्फ बड़े सितारे और भारी-भरकम बजट ही काफी नहीं होते, दर्शकों का प्यार भी जरूरी होता है। इन दिनों रणबीर कपूर की रामायण की एडवांस बुकिंग के आंकड़े कुछ ऐसी ही कहानी बयां कर रहे हैं. रिलीज से पहले ही फिल्म ने टिकट बिक्री में प्रभास की आदिपुरुष को पीछे छोड़ दिया है। एक तरफ रामायण पर मां लक्ष्मी जी की कृपा बरसती दिख रही है। दूसरी तरफ राम बने प्रभास की आदिपुरुष को रिलीज के बाद दर्शकों की नाराजगी झेलनी पड़ी थी। ऐसे में दोनों फिल्मों के शुरुआती आंकड़ों की तुलना ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर आस्था, उम्मीद और दर्शकों की पसंद की चर्चा छेड़ दी है। बॉक्स ऑफिस पर अभी रामायण रिलीज होने में वक्त है, लेकिन रणबीर कपूर और यश की रामायण ने टिकट खिड़की पर अपनी ताकत दिखानी शुरू कर दी है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त एक्साइटमेंट नजर आ रही है। इसका असर एडवांस बुकिंग के शुरुआती आंकड़ों में भी दिख रहा है। खास बात यह है कि फिल्म ने पहले 24 घंटे की टिकट बिक्री में प्रभास की आदिपुरुष को काफी पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रभास की फिल्म आदिपुरुष की एडवांस बुकिंग रिलीज से केवल 5 दिन पहले खोली गई थी। शुरुआती 24 घंटों में आदिपुरुष के हिंदी वर्जन ने करीब 36 हजार टिकट बेचकर 1.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। वहीं, रामायण के लिए सिर्फ हिंदी वर्जन की टिकट खिड़की खोली गई और फिल्म ने पहले ही दिन 65,000 से ज्यादा टिकट बेच डाले। इस बिक्री से फिल्म ने 3.13 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन हासिल किया, जो आदिपुरुष की तुलना में लगभग 123 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि, आदिपुरुष ने तेलुगु बुकिंग खुलने के बाद अंत में 26 करोड़ रुपये की प्री-सेल्स दर्ज की थी, लेकिन रामायण की शुरुआत उससे कहीं ज्यादा धमाकेदार साबित हुई है। रामायण की एडवांस बुकिंग को लंबा वक्त दिया गया है। फिल्म 5 नवंबर 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ऐसे में मेकर्स को दर्शकों के बीच चर्चा बढ़ाने और टिकट बिक्री को रफ्तार देने का मौका मिल रहा है। सैकनिल्क के मुताबिक, पहले दिन के लिए टिकटों की बिक्री 8.16 करोड़ रुपये के ग्रॉस आंकड़े तक पहुंच गई थी। इसमें ब्लॉक की गई सीटों को हटाने के बाद करीब 6.15 करोड़ रुपये की बुकिंग दर्ज की गई। रामायण के पक्ष में नजर आ रहे हैं। अब इंतजार 5 नवंबर का है। देखना ये होगा कि जितना बज इस फिल्म को लेकर बना है, क्या वो कमाई के मामले में वाकई सफल हो पाया।



हर लड़की को खूबसूरती पर होना चाहिए गर्व- तमन्ना भाटिया

फिल्म जेलर के गाने कवाला से लेकर स्त्री 2 के आज की रात तक में अपनी अदाओं और डांस मूव्स से हर किसी को झूमने पर मजबूर करने वाली ऐक्ट्रेस तमन्ना भाटिया इन दिनों चर्चा में हैं, अपनी फिल्म सिकंदर का मुकद्दर को लेकर। नीरज पांडे निर्देशित इस फिल्म में तमन्ना एक ऐसी सिंगल मदर बनी हैं जो हीरों की चोरी के आरोप में फंस जाती है। खास बातचीत-

इन दिनों हर तरफ आपके डांस नंबर्स का जलवा है, वो फिर कवाला हो या आज की रात, हर कोई इन पर झूम रहा है। आपके लिए डांस क्या है?

डांस से मेरा रिश्ता बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि मैंने डांस सीखा नहीं है। मैं ट्रेंड डांसर नहीं रही हूं। मैं कभी डांस स्कूल नहीं गई। मैंने सेट पर ही डांस सीखा है तो मैं अपने डांस का श्रेय उन सभी कोरियोग्राफर्स को देना चाहूंगी, जिनसे मैंने सीखा। प्रभु देवा सर, राज सुंदरम सर, प्रेम रक्षित सर, वृंदा मैम और साउथ के बहुत सारे कोरियोग्राफर्स ही मेरे टीचर रहे हैं। उन्होंने मुझे फिल्म डांस समझने में काफी मदद की, क्योंकि फिल्म डांस बाकी से काफी अलग होता है। मेरा मानना है कि डांस शो ऑफ करने की चीज नहीं है कि मैं ये मुश्किल स्टेप कर सकती हूं। डांस ऐसा होना चाहिए कि उसे देखकर दूसरे का मन भी नाचने के लिए मचल जाए। मेरी कोशिश कभी ये नहीं होती कि देखो, मैं कितने मुश्किल स्टेप कर सकती हूं, मेरी कोशिश यही रहती है कि जब कोई मेरी ओर देखे और उसे मेरे अंदर की मस्ती या कोई एक्सप्रेशन पसंद आ जाए और उनका मन भी डांस करने का कर जाए और शायद इसीलिए लोग उससे कनेक्ट करते हैं।

फिल्मों के इन डांस नंबर्स पर अक्सर उत्तेजक के आरोप भी लगते हैं। आपकी इस पर क्या राय है?

अगर आप एक लड़की हैं तो अपने जेंडर का प्रतीक होना। अगर एक औरत बहुत ही खूबसूरत या औरत के जैसी लग रही है तो उसे सेक्सी बोलते हैं, तो इसका मतलब बहुत सरल है। बाकी किसी को घुमा फिराकर दूसरा मतलब निकालना है तो आप दस हजार मतलब निकाल सकते हैं, लेकिन मेरे हिसाब से औरतों को खुद में खूबसूरत महसूस करना चाहिए। मैं बहुत सी लड़कियों से मिलती हूं जो मुझे आकर बोलती हैं कि मैम, आप बहुत खूबसूरत हैं। आप तो रियल में बहुत इतनी सुंदर हैं, पर मेरा मानना है कि वे लड़कियां खुद बहुत सुंदर हैं। मेरा मानना है कि एक औरत को दूसरी औरत को सपोर्ट करना चाहिए और कहना चाहिए कि मुझे आप बहुत खूबसूरत लगती हैं और मैं दिल से ऐसा महसूस करती हूं। मैं इसे छिपाना नहीं चाहती। आपकी खूबसूरती पर आपको गर्व होना चाहिए तो ब्यूटी से जुड़ी कोई भी चीज जो मैं करती हूं, उसे लेकर मेरा नजरिया यही होता है।



फिल्म में आपकी किस्मत खूब नाच नचाती है, बहुत मुश्किलों से जूझने पर मजबूर करती है। असल जिंदगी में ऐसा मुश्किल दौर कौन सा रहा है, जिसे हराकर आप सिकंदर बनीं?

करियर के शुरुआत का दौर मैं कहूंगी कि थोड़ा मुश्किल था, क्योंकि जब मैंने काम करना शुरू किया था, तब मैं बहुत कम उम्र की थी और हमेशा ऐसे लोगों के साथ काम कर रही होती थी, जो मुझसे 20 साल बड़े थे। वो काफी अजीब होता था कि मैं इतनी छोटी थी और 20 साल बड़े मर्दों से घिरी रहती थी तो वो एक अलग किस्म की प्रजाति को समझने जैसा था। लोग इस बारे में बात नहीं करते लेकिन ऐक्टर होने का एक बड़ा हिस्सा ये होता है कि आप समझ सकें कि फिल्ममेकर आखिर क्या बनाना चाहता है और इसके लिए आप में वो समझ होनी चाहिए। मेरे लिए वो सोच विकसित करना और उनके दिमाग को समझना चुनौती थी। फिर, मैं साउथ में काम कर रही थी, जबकि खुद मुंबई से थी, तो वहां के कल्चर को समझना था, क्योंकि वो दुनिया ही बिल्कुल अलग थी। मेरा मानना है कि अगर आप किसी भी ऑडियंस के दिल तक पहुंचना चाहते हैं तो आपको उनकी जिंदगी, उनकी संस्कृति को समझना जरूरी है। इसके अलावा, हमारी जॉब में लोगों से इंटरैक्ट करने की कला भी आनी चाहिए, क्योंकि आपको अलग अलग लोगों के साथ मिलकर काम करना होता है। कैमरामैन, डायरेक्टर, कॉस्ट्यूम टीम, सब कुछ बताएंगे और इसमें सबसे बड़ी चीज है, अपने ईगो को आड़े ना आने देना। तभी आप बढ़िया साझेदारी कर पाएंगे। अगर आप ये सोचने लगे कि मुझे ज्यादा आता है तो आप वो नहीं कर पाएंगे, इन सब चीजों को उस छोटी उम्र में समझ पाना बहुत मुश्किल था। लेकिन मैं बहुत दृढ़ थी, इसलिए वो कर पाई, लेकिन बहुत मुश्किल होती थी। कई बार ऐसा हुआ कि दिग्गज लोग मुझसे कोई बात कर रहे हैं। मैं हां हां कहती रहती थी लेकिन मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा होता है, लेकिन मुझे ऐसा दिखाना है कि नहीं, मैं तो सब समझ रही हूं। (हंसती हैं) फिल्म मुकद्दर का सिकंदर करने की सबसे बड़ी वजह ये रही कि मुझे नीरज सर (डायरेक्टर नीरज पांडे) की फिल्में हमेशा से बहुत पसंद रही हैं। उनकी फिल्मों में जिस तरह बहुत ही आम लोगों की कहानी होती है, जो बहुत ही अजीब परिस्थिति में पड़ जाते हैं और फिर उन हालातों से वे कैसे जूझते और निकलते हैं, वो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि ये उनकी एक थीम है तो जब मैंने ये स्क्रिप्ट पढ़ी तो मुझे लगा कि यह एक अलग दुनिया है और हिंदी फिल्मों में निश्चित तौर पर लोगों ने मुझे अब तक ऐसे रोल में नहीं देखा है। फिर, यह साल बहुत ही दिलचस्प रहा है, क्योंकि बहुत अलग-अलग किस्म की फिल्में आई हैं। ऐसे में, इस तरह की फिल्म के लिए यह एक बेहतरीन समय है। यह एक तेज रफ्तार की हीस्ट थ्रिलर है। आप जैसे-जैसे इन किरदारों की जिंदगी को समझने लगते हैं, उनसे जुड़ते जाते हैं, तो मेरे लिए कुल मिलाकर यह एक बहुत अच्छा अनुभव रहा।